दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। सोमवार 09 दिसंबर-2024 | ● वर्ष: 9 अंक: 346 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य: ₹3

# कवि नगर रामलीला मैदान में हिंदू आक्रोश सभा में जुटी हजारों की भीड़

# बांग्लादेश के हालातों पर जाहिर की सभी ने चिंता






## चिन्मय कृष्ण दास हों रिहा, लिखा राष्ट्रपति को पत्र

## मंच से दिया गया संदेश बंटोगे तो कटोगे

## कार्यक्रम में मौजूद रहे सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, नंदकिशोर गुर्जर, अजीतपाल त्यागी, मंजू शिवाच, विधायक संजीव शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समस्त हिंदू समाज द्वारा हिंदुओं को एकजुट करने और बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में रविवार को कवि नगर रामलीला मैदान में हिंदू आक्रोश सभा का आयोजन किया गया। हिंदू आक्रोश सभा में बड़ी संख्या में हिंदूवादी संगठन के अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, नेताओं ने भी भाग लिया। इस दौरान मंच से संदेश दिया गया कि बटोगें तो कटोगें। तो वहीं बांग्लादेश के माहौल और हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की निंदा की गई है। इस अवसर पर इस्कॉन संस्था के चिन्मय कृष्ण दास की अभिलंब रिहाई और बांग्लादेश में हिंदुओं को प्रताड़ित करने प्रकरण और हिंसा के विरुद्ध विराम देने के लिए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा गया है। ज्ञापन को एसडीएम सदर अरुण दीक्षित ने प्राप्त किया है। वहीं कवि नगर रामलीला मैदान में हुए, इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। तो वहीं हिंदुओं को एकजुट करने की अलख भी जगाई गई है। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं के रूप में आनंद स्वरूप महाराज, महंत नारायण गिरी, अश्वनी उपाध्याय, आध्यात्मिक गुरु पवन सिन्हा के साथ ही नरेश विकल समाजसेवी और कैलाश चंद्र अग्रवाल व हीमेंद्र जी द्वारा लोगों को एकजुट करने के साथ ही हिंदू धर्म की रक्षा सुरक्षा और जेहाद फैलाने वालों के ऊपर निर्णायक कार्रवाई का बिगुल बजाया गया है।

### हिंदू समाज की नजर आई भीड़, रामलीला मैदान में दिखी एकजुटता




करंट क्राइम : रविवार को कवि नगर रामलीला मैदान में हिंदू आक्रोश सभा का समस्त हिंदू समाज की ओर से आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समस्त हिंदू समाज की भागीदारी का संदेश दिया गया। मंच से लेकर भीड़ तक में अलग-अलग हिंदू जातियों और जैन समाज से लेकर सिख समाज और प्रमुख लोगों को शामिल किया गया। मंच पर बड़ी संख्या में साधु-संत से लेकर आध्यात्मिक गुरु और वरिष्ठ अधिवक्ताओं से लेकर हिंदुत्व पर विचार रखने वाले वक्ताओं के भाषण करवाए गए। इसके साथ ही कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों के अलावा साधु समाज और महिलाओं से लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद ,इस्कॉन संस्था, जैन समाज के प्रमुख चेहरे भी नजर आए।

### सांसद अतुल गर्ग बोले हालात नहीं सुधरे तो, 1971 जैसा लेना पड़ेगा कड़ा फैसला





करंट क्राइम : गाजियाबाद के कवि नगर रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख चेहरे जो राजनीति में शीर्ष पदों पर हैं, वह भी नजर आए। साथ ही जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के गाजियाबाद से सांसद अतुल गर्ग पहुंचे और उन्होंने कहा की सरकार लगातार उनके राजदूतों से बात कर रही है। हालात नहीं सुधरे तो 1971 की तरह लेना पड़ेगा कोई कठिन निर्णय। वहीं सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय में कहा कि भारत की डेमोग्राफी बदलने में पांच जिहाद का हाथ ऐसे जिहाद करने वालों पर राष्ट्र द्रोह। बता दें कि बांग्लादेश में हो रहे अल्पसंख्यकों पर और खास तौर पर हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर आक्रोश सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान भारी जनसैलाब उमड़ा। धर्मगुरु अन्य वक्ताओं के साथ-साथ गाजियाबाद के कैबिनेट मंत्री, सांसद और विधायक मौजूद रहे। हालांकि जनप्रतिनिधियों ने ना तो किसी को मंच पर बुलाया गया और नहीं किसी से भाषण दिलवाया।

### एडवोकेट अश्वनी उपाध्याय ने कहा सरकार रोके पांच तरीके के जेहाद




करंट क्राइम : सरकार से बांग्लादेश के खिलाफ एक्शन लेने की बात गाजियाबाद के रामलीला मैदान में बांग्लादेश के खिलाफ आक्रोश सभा के दौरान की। इस दौरान भारी संख्या में जुड़ी भीड़ ने सरकार से बांग्लादेश के खिलाफ एक्शन लेने की बात की। साथ ही लोगों ने बांग्लादेश में हो रहे अल्पसंख्यकों पर अत्याचार की बात भी बताइ है। वहीं सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट अश्वनी उपाध्याय ने कहा की हिंदुस्तान में पांच तरह के जेहाद चल रहे हैं। जिसमें धर्मांतरण जेहाद, लव जेहाद, ड्रग जेहाद, घुसपैठ जेहाद और जनसंख्या जेहाद। इन सभी जेहाद पर उन्होंने एनएसए लगाने और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई समेत अन्य कड़े कानून लगाने की बात की है।

### सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम



करंट क्राइम : कवि नगर रामलीला मैदान में हिंदू आक्रोश सभा कार्यक्रम को लेकर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़जुटी तो पुलिस ने सुरक्षा के भी व्यापक बंदोबस्त कर रखे थे। वहीं इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोकल पुलिस के साथ अर्द्धसैनिक बल भी तैनात रहे। तो वहीं एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, एसएचओ कवि नगर योगेंद्र मलिक से लेकर ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था में लगी रही।

### पवन सिन्हा ने कहा हिंदू समाज एकजुट नहीं , हमें राष्ट्रवाद पर कायम रहना होगा




करंट क्राइम : आध्यात्मिक गुरु पवन सिन्हा भी इस कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में शामिल रहे। उन्होंने अपने भाषण के दौरान कहा है कि 1971 से लेकर 2024 तक जारी आंदोलन बता रहे हैं कि हिंदू समाज एकजुट नहीं होता है। उसे भोजन के लिए जल्दी रहती है। हिंदू समाज जग नहीं रहा है, वही कल इन लोगों का भजन बनेगा। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को राष्ट्रवाद पर कायम रहना होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरीके से बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण दास को गिरफ्तार कर रखा है, उनकी रिहाई नहीं की जा रही है और बांग्लादेश में हिंदू धर्म स्थलों को तोड़ा जा रहा है। तो वहीं हिंदुओं मां-बहनों के साथ दुराचार हो रहा है। इसको लेकर भी सरकार को कुछ सोचना चाहिए और वहां के दूतावास से बात करके इसे रोका जाना चाहिए।

### मच से हुई जब पुलिस कमिश्नर और कमिश्नरेट सिस्टम की हुई तारीफ



करंट क्राइम : हिंदू आक्रोश सभा का आयोजन कवि नगर रामलीला मैदान में हो रहा था और मंच से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता व हिंदू विचारक अश्वनी उपाध्याय बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद पुलिस ने बीते दिनों जेहाद फैलाने वाले धर्मात्रण करने वाले गिरोहों पर कार्रवाई की है। उनपर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की गई है। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार की तारीफ की तो कमिश्नर आफ पुलिस गाजियाबाद अजय मिश्र के वर्किंग स्टाइल की प्रशंसा की गई है। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस ऐसे लोग जो गिरोह चलाते हैं उन पर गैंगस्टर की कार्रवाई करें। हिंदु संगठन भी ऐसे लोगों की शिकायतें करें।









### हिंदुत्व के बैनर और तलवार का प्रदर्शन रहा अलग

करंट क्राइम : इस प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जिन्होंने अपने हाथों में छोट-बड़े बैनर और पोस्टर लेकर हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इनपर लिखा हुआ था बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहा अत्याचार, नहीं सहेगा हिंदू समाज। इस प्रदर्शन के दौरान तलवार लेकर पहुंचा एक व्यक्ति आकर्षण का केंद्र रहा। व्यक्ति ने तलवारें लहराकर लोगों को अपनी तरफ आकर्षित किया।

### मंच पर नजर आए यह प्रमुख चेहरे

करंट क्राइम : समस्त हिंदू समाज की ओर से कवि नगर रामलीला मैदान में जन आक्रोश सभा का आयोजन किया गया। जिसका मकसद बांग्लादेश में हिंदू परिवारों पर हो रहे हमले, हिंदु देवी-देवताओं के मंदिर तोड़े जाने के साथ ही हिंदुत्व के खतरे के खिलाफ आवाज बुलंद करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। तो मंच पर प्रमुख लोग भी नजर आए। जिसमें कल्पना कौशिक, धनराज जाटव पूर्व न्यायाधीश, कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी पूर्व वीर चक्र विजेता, सरदार रविंद्र सिंह जॉली कवि नगर गुरुद्वारा के प्रमुख, विपुल दास सरस आध्यात्मिक गुरु, स्वामी जीवन महाराज शिवधाम, साध्वी वीके गुंजन, केके अरुणा, अरविंद भाई ओझा कथा वाचक, कैलाश चंद अग्रवाल आयोजक हिंदू समाज सुरक्षा समिति, महंत रामानुज दास कुटी आश्रम भोपुरा, नरेश वीरू भाई बाल्मीकि ,आनंद स्वरूप महाराज, अश्वनी उपाध्याय, ओमवीर जाटव, विजय पाल सिंह, नेपाल सिंह सिसोदिया, महेश आहूजा, अतुल जैन, पलक अग्रवाल, जम्मू प्रसाद जैन, दूधेश्वरनाथ मंड मंदिर के महंत नारायण गिरी, आध्यात्मिक गुरु पवन सिन्हा के साथ ही कई अन्य हिंदू विचारधारा के जानकार और रक्षक मंच पर मौजूद रहे।

### हिंदू समाज सुरक्षा समिति ने राष्ट्रपति के नाम भेजा ज्ञापन




करंट क्राइम : बांग्लादेश के हालातो पर चिंता प्रकट करते हुए हिंदुओं को एकजुट करने का आवाहन किया गया है। तो वही सरकार से कहा गया है कि बांग्लादेश के हालात पर मंथन किया जाए और चिन्मयानंद महाराज को जल्द से जल्द रिहा कराया जाए। हिंदू समाज सुरक्षा समिति के अध्यक्ष कैलाश चंद्र अग्रवाल और सचिव धर्मेंद्र कुमार गोयल द्वारा राष्ट्रपति को जो पत्र लिखा गया है, उसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं और अपना रोष प्रकट किया गया है। यह पत्र एसडीएम सदर अरुण को सौंपा गया है।

### बांग्लादेश के विरोध में निकाली शव यात्रा



करंट क्राइम : बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में रोष बढ़ रहा है। हिंदू संगठनों ने आज कविनगर रामलीला मैदान में आक्रोश सभा का आयोजन कर प्रचंड विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित हिंदू संगठनों बांग्लादेश के अंतरिम सरकार की शव यात्रा निकाली और चिन्मय कृष्ण दास की अविलंब रिहाई की मांग की। इस मौके पर समस्त हिंदू समाज सुरक्षा समिति की ओर से भारत के राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर मांग की है कि भारत सरकार बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा और जेल में ठूंसे गए बेगुनाहों की तत्काल रिहाई के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ठोस व प्रभावी कार्रवाई अमल में लाए।

### लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर बोले बांग्लादेशी भारत से निकाले जाएं



करंट क्राइम : गाजियाबाद के लोनी विधानसभा से विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कथित तौर अवैध घुसपैठ का मुद्दा उठाया है। तो वहीं लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने दावा किया कि भारत में 10 करोड़ रोहिंग्या और अवैध प्रवासी बसे हुए हैं, जिनको बाहर निकाल देना चाहिए।

### कैबिनेट मंत्री से लेकर सांसद विधायक और पार्षद व पदाधिकारी आए नजर



करंट क्राइम : हिंदू आक्रोश सभा कवि नगर रामलीला मैदान में आयोजित की गई। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के सांसद, विधायक, पार्षद ,संगठन और मंडल से लेकर बूथ स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ता भी नजर आए। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा, शहर विधायक संजीव शर्मा, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, मोदीनगर से विधायक मंजू शिवाच, मुरादनगर सीट से विधायक अजीत पाल त्यागी, तो पूर्व महापौर आशु वर्मा, पार्षद अमित त्यागी, पार्षद वीरेंद्र त्यागी, पार्षद नीरज गोयल, युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना ललित जायसवाल, अंकुश अरोड़ा, मुकेश वर्मा, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री अशोक गोयल, पूर्व महानगर अध्यक्ष अमरदत्त शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी, अजय शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद भारतीय, पार्षद शिवम शर्मा, पार्षद आशीष चौधरी, पार्षद विनय चौधरी, उदिता त्यागी, रनीता सिंह, रीटा सिंह, पार्षद संजय सिंह, पार्षद राजीव शर्मा, शीतल देओल, पूर्व पार्षद राजकुमार त्यागी,जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन कृष्णवीर चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर सुनील यादव, जिला मंत्री वीरेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष पवन सोम खेड़ा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश से बदला मौसम कड़ाके की ठंड के लिए हो जाएं तैयार

**नई दिल्ली।** ठंड की आहट के बीच दिल्ली-एनसीआर में मौसम का मिजाज बदल चुका है। कई इलाकों में रविवार शाम को अचानक बारिश शुरू हो गई। दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में बारिश हुई है। मौसम विभाग ने पहले ही पश्चिम विक्षोभ के कारण कई जगह बारिश के आसार जताए थे। आईएमडी का अनुमान सही निकला। दिल्ली-गाजियाबाद, नोएडा समेत कई इलाकों में बारिश होने से ठंडक बढ़ने की संभावना है। इस दौरान तेज हवा का भी असर नजर आ रहा।



### दिल्ली में क्या है मौसम की स्थिति

मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में रविवार सुबह न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से दो डिग्री कम रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, सुबह नौ बजे दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 276 रहा जो कि खराब श्रेणी में आता है।

### दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा में हल्की बारिश

दिल्ली के अकबर रोड, पंडारा पार्क, न्यू अशोक नगर के आस-पास हल्की बारिश हुई। इसके अलावा गाजियाबाद के इंदिरापुरम समेत आस-पास में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। दिल्ली-एनसीआर में मौसम बदलने के साथ ही प्रदूषण से परेशान लोगों को भी राहत मिलने के आसार है। बारिश की वजह से स्मॉग कम होगा। एयर क्वालिटी में और सुधार आने के आसार हैं।

### रविवार शाम बदल गया मौसम

हालांकि, रविवार शाम को जिस तरह से मौसम बदला उसकी वजह से उन लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा जो घरों से बाहर निकले थे। रविवार को छुट्टी का दिन होने की वजह से बड़ी संख्या में लोग घूमने के लिए अलग-अलग जगह गए थे। ठंड में बारिश की एंट्री से उनकी मुश्किलें कुछ बढ़ जरूर गई। इस बारिश के आने से उन लोगों की परेशानी ज्यादा बढ़ गई जिनके पास सिर छुपाने के लिए कोई आश्रय नहीं है।

# राजनगर एक्सटेंशन आवासीय क्षेत्र में सड़क चौडीकरण को लेकर महिलाओं ने सड़क पर किया प्र्रदर्शन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को लोगों ने सड़क चौड़ीकरण को लेकर जमकर हंगामा प्रदर्शन किया। जहां नारेबाजी करते हुए कहा कि हमारी सड़क मौत का निमंत्रण दे रही है। इस दौरान बच्चे भी हाथों में तख्तियां लेकर नजर आए। मुरादनगर विधानसभा में मोरटा ग्राम में राजनगर एक्सटेंशन आवासीय क्षेत्र के तहत हजारों परिवारों का जीवन भय और तनाव से परिपूर्ण हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग - 58 (मेरठ रोड) से हम तुम रोड यानी निलाया ग्रीन्स रोड की लगभग डेढ़ किलोमीटर सड़क के दोनों और स्थित सोसायटियों दिया ग्रीन सिटी, निलाया ग्रीन्स, महक जीवन, राज विलास, मीडोज विस्ता, मोती रेजिडेंसी तथा संचार रेजिडेंसी के हजारों परिवार रहते हैं।



### प्रशासन नहीं ले रहा सुध

प्रशासन की उदासीनता के चलते स्थानीय लोगों ने आज हम तुम रोड पर पैदल मार्च किया। जिससे इस खतरनाक स्थिति से मुक्ति के लिए शीघ्र कार्यवाही करने के लिए निवेदन किया गया है। जिसमें सड़क को चौड़ा करना, स्ट्रीट लाइट लगाना, गति अवरोधक बनाना तथा ट्रकों एवं डंपरों के प्रवेश को रोकने के लिए कहा गया है। आगे कहा कि यहां पर इतनी धूल उड़ती है जब ट्रक गाड़ियां चलती हैं तो सांस लेना दूभर हो जाता है जिससे लोगों को अस्थमा की बीमारी का खतरा बना रहता है।

पूर्व में दुर्घटना से 29 अगस्त को एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। इसके बाद कोलंबिया स्कूल के आसपास हाइड्रा ने दो औरतों को टक्कर मार दी थी जिसमें से के औरत ने नवीन हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया था।

### 24 मीटर की जगह 6 मीटर चौड़ी है रोड

स्थानीय लोगों ने कहा कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की क्षेत्रीय विकास योजना में हम तुम रोड को 24 मीटर चौड़ी सड़क बनाना निश्चित है। लेकिन वर्तमान में यह रोड 5 से 6 मीटर ही चौड़ी है। इतनी छोटी सड़क पर गाजियाबाद नगर निगम के कूड़े के भारी भरकम ट्रक, बड़े-बड़े लोडर, आरएमसी के ट्रक तथा अन्य बड़े सामान के ट्रक चल रहे हैं। इसके अलावा बच्चों के स्कूल की बस, सार्वजनिक यातायात के कार, ऑटो, रिक्शा आदि वाहनों की संख्या अधिक है। तेजी से चलते वाहनों की स्थिति रात में स्ट्रीट लाइट न होने से और ही खतरनाक हो जाती है। महिलाओं और बच्चों को कभी भी दुर्घटना का शिकार होना पड़ सकता है।

### यह रहे शामिल

इस मौके पर संदीप चौहान, शिवम पाराशर, श्वेता रोहिल्ला, पुष्प रावत, अंजना गुप्ता, चंदन चौबे, अनिल शर्मा, ललित शर्मा, रक्षित जी, अशोक चौहान, मंजीत चौहान, संजीत चौहान, मुरारी लाल शर्मा, जी. एस. भड़ाना, गीता वर्मा, बी.के.मिश्रा सभी सातों सोसायटी से मेंबर्स इस पैदल मार्च में उपस्थित रहे।

# मातृभूमि सेवा संघ के तत्वावधान में बांग्लादेश का पुतला दहन किया

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मातृभूमि सेवा संघ के तत्वावधान में भारत माता प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया और बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में नारेबाजी करते हुए बांग्लादेश का पुतला दहन किया। कार्यक्रम में गन्ना समिति मोहिउद्दीनपुर के चेयरमैन दीपक राणा, गन्ना समिति मोदीनगर के चेयरमैन राजन चौधरी व सेना मे लेफ्टिनेंट पद पर पदोन्नत हुए राहुल कुमार ने बलिदानियों और मां भारती की प्रतिमा पर साफ-सफाई एवं माल्यार्पण कर देशभक्ति के नारे लगाए तथा युवा पीढ़ी से राष्ट्रभक्ति के कार्यों मे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। अतिथियों ने कहा कि अमर बलिदानियों को आशीर्वाद देती भारत माता की एकमात्र प्रतिमा मोदीनगर में स्थापित है। यह समस्त मोदीनगर वासियों के लिए गर्व की बात है, देशवासियों को यहां पहुंचकर मां भारती का आशीर्वाद



लेने आना चाहिए। यह स्थान तीर्थ तुल्य है, मातृभूमि सेवा संघ ने सभी गणमान्य को मातृभूमि सेवा संघ का स्मृति चिन्ह भेंट किया व मातृभूमि सेवा संघ ने बांग्लादेश मे हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में नारेबाजी करते हुए बांग्लादेश का पुतला दहन किया और कहा कि बांग्लादेश के लोग अहसान फरामोश हैं। भारत ने बांग्लादेश को हरसंभव मदद दी। भूखे लोगों को खाना, कपड़ा उपलब्ध कराया। आज वह एहसान को भूलकर उनके साथ अत्याचार कर रहे हैं। अत्याचार बांग्लादेश सरकार के इशारे पर हो रहा है। उन्होंने भारत सरकार से अति शीघ्र मामले में दखल देकर बांग्लादेश के हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार रोकने को मांग की। इस अवसर पर हिंदू युवा वाहिनी जिला महामंत्री नीरज शर्मा, लेफ्टिनेंट राहुल कुमार, प्रदीप बांगवा, विकास भारतीय, खुशाल नेगी, भव्य सिसोदिया, मोहित सोनी, विनय सिंघल, सिद्धार्थ ठाकुर, अविनाश झा, डॉ0 बृजेश, पवन चैधरी, सचिन शर्मा, महेश कुमार, राजीव सैन, विक्रम सिंह, राहुल सैन, पुनित बत्रा आदि मौजूद रहे।

## दो कारों की जोरदार भिड़ंत

**नोएडा।** नोएडा दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित यमुना एक्सप्रेस-वे के बाईपास रोड पर तेज रफ्तार कार असंतुलित होकर पलट गई। इस भीषण हादसे के बाद एक कार पास स्थित एक नाले में पलट गई। इस घटना में दोनों कारों में सवार दो लोगों को चोटें आई हैं। जिनका ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस का कहना है कि इस संबंध में अभी किसी भी पक्ष की तरफ से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। बुलंदशहर निवासी रोबिन अपने एक अन्य साथी के साथ कार में सवार होकर रविवार की सुबह ग्रेटर नोएडा की तरफ से यमुना एक्सप्रेस-वे के बाईपास रोड से बिजली घर की तरफ आ रहे थे। तभी सामने से बिलासपुर निवासी राजीव अपनी कार को लेकर ग्रेटर नोएडा की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान किसी वाहन को बचाने के चक्कर में असंतुलित होकर दोनों कार एक दूसरे से टकरा गई। इस हादसे में एक कार पास में नाले में गिर गई। गनीमत रही कि नाले में ज्यादा पानी नहीं भरा हुआ था। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना में दोनों कारों में सवार राजीव और रोबिन को चोट आई हैं। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि उससे पहले ही दोनों घायलों को अस्पताल ले गए।

# जनपदीय स्काउट गाइड रैली का हुआ भव्य समापन

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डॉ. केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में चल रही दो दिवसीय स्काउट गाइड जनपदीय रैली का समापन हो गया। स्काउटस गाइड्स ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रैली के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री रामकिशोर अग्रवाल ने सभी स्काउट गाइड को बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। रैली का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. डॉ. डीके मोदी ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। प्रो. डॉ. डीके मोदी ने संस्था को देशव्यापी संस्था बताया और सभी स्काउट गाइड को अपने अपने कर्तव्यों का पालन कर समाज और राष्ट्र की सेवा करने हेतु प्रेरित किया। रैली में पूर्व सहजिला विद्यालय निरीक्षक प्रधानाचार्य विकास कुमार, संस्था के जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह नागर, प्रधानाचार्य श्यामलाल, डीसी हापुड़ प्रकाश शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता में मीना, तंबू निर्माण, फूड प्लाजा, हस्त कला प्रदर्शनी साहसिक क्रियाकलाप, झांकी के अतिरिक्त एक जागरूकता रैली निकालकर



शहरवासियों को सामाजिक बुराइयों को दूर करने में मदद करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के एनसीसी अधिकारी प्रवीण जैन ने किया तथा रैली का संचालन डीओसी स्काउट श्याम सिंह व डीओसी गाइड रिंकू चैधरी ने किया। समापन के अवसर पर रेली संयोजक व संस्था सचिव कॉलेज के प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल, डॉ0 अनिल गर्ग, डॉ0 पूनम गर्ग व डॉ0 मुकेश गर्ग ने सभी विजय टीमों एवं उनके स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। रैली को सफल बनाने में दिनेश कुमार, संजीव चैधरी, लै० राजीव जांगिड़, संजीव कुमार, अनीता अग्रवाल, डॉ0 पूनम वशिष्ठ, गौरव त्यागी, आरके सिंह, धर्म वीर, अजय कुमार, कोमल, जगदीश, आदि का विशेष सहयोग रहा। निर्णायक भूमिका में उमा बिश्नोई, सुधा, अफजल सैफी, चंद्रशेखर, राहुल, रवि कुमार, रिया, दुर्गा व ज्योति सचदेवा आदि रहे।

## पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने बच्चों को दवा पिला कर शुरू किया पल्स पोलियो अभियान



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 72 के पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने पोलियो की खुराक पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का वैशाली सेक्टर 2 स्थित डिस्पेंसरी से शुभारंभ किया। पोलियो सुरक्षा चक्र बनाए रखने के लिए 8 दिसंबर को जन्म से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। पूर्व पार्सल मनोज गोयल ने कहा कि पल्स पोलियो के प्रति जागरूकता ही बचाव का पहला कदम है। हिन्दुस्तान पोलियो मुक्त देशों में से एक है परन्तु पोलियो मुक्त बने रहने के लिए पोलियो की दो बूंद का उपयोग अवश्य करें। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षा केंद्र की प्रबंधक डॉक्टर रितु वर्मा द्वारा अपनी टीम के साथ 40 से अधिक बच्चों को होली की ड्रॉप पिलाई समाज सेवी संस्था के संस्थापक रीति फाउंडेशन के संस्थापक डॉ नरेंद्र सारस्वत वहां आए बच्चों को पौष्टिक आहार बांटा गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटिहार, विमला भट्ट, पवित्रा, अंशु, मोहित, शिक्षाविद किरण राणा, पवन जैन, राज सिंह, सुरेश चंद, दुष्यंत गौतम, बीएस बिष्ट, सुमन, रेनू नेगी, मिथिलेश, गीता, पिंकी, सुनीता नेगी आदि लोग उपस्थित रहे।

# झारखंड की छठी विधानसभा का पहला सत्र आज से कई मायनों में अलग होगी इस बार सदन की तस्वीर

**रांची।** झारखंड की छठी विधानसभा का पहला सत्र 9 दिसंबर से शुरू हो रहा है। इसे लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 12 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र के पहले दो दिन के कार्यदिवस में नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण होगा। इन्हें प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी शपथ दिलाएंगे। दूसरे दिन 10 दिसंबर को विधायकों के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विधानसभा के नए अध्यक्ष का चुनाव होगा।

11 दिसंबर को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अभिभाषण होगा। इसके बाद सरकार की ओर से वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर चालू वित्तीय वर्ष के लिए द्वितीय अनुपूरक बजट पेश करेंगे। सत्र के अंतिम कार्यदिवस में 12 दिसंबर को राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा और अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद होगा। झारखंड की छठी विधानसभा पिछली विधानसभाओं की तुलना में कई मायनों में अलग होगी। इस बार सदन में सदस्यों की संख्या 82 की बजाय 81 होगी। इसकी वजह यह है कि विधानसभा में 82वें विधायक के रूप में एंग्लो इंडियन समुदाय के किसी व्यक्ति को मनोनीत करने की संवैधानिक व्यवस्था अब समाप्त हो गई है। जनवरी, 2020 में संसद में पारित 126वें संविधान संशोधन के जरिए संसद और देश



के 13 राज्यों की विधानसभाओं में एंग्लो इंडियन समुदाय के मनोनयन की व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी। यह पहली विधानसभा है, जब सत्ता पक्ष के सदस्यों की संख्या सदन की कुल संख्या की दो तिहाई होगी। इस बार सदन में 20 यानी करीब एक चौथाई विधायक ऐसे होंगे, जो पिछली विधानसभा का हिस्सा नहीं थे। विधानसभा में चार पार्टियों का एकल प्रतिनिधित्व होगा। जदयू, लोजपा (आर), आजसू पार्टी और जेएलकेम के एक-एक विधायक जीतकर सदन में पहुंचे हैं। विधानसभा के पहले सत्र में नेता प्रतिपक्ष भी संभवतः नहीं होगा, क्योंकि प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा ने विधायक दल के नेता का चुनाव नहीं किया है। विधानसभा की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के विधायक भी बगैर नेता के सदन में दिखेंगे, क्योंकि पार्टी के विधायक दल के नेता का चुनाव नहीं हो पाया है।

# एस्मा पर अखिलेश यादव बोले कभी भी फट सकता अफसर-कर्मियों के बीच आक्रोश का सुषुप्त ज्वालामुखी



**लखनऊ।** यूपी में एस्मा कानून लागू होने पर अखिलेश यादव ने भाजपा को घेरा। कहा कि अफसर-कर्मियों के बीच आक्रोश का सुषुप्त ज्वालामुखी कभी भी फट सकता है। उत्तर प्रदेश में सरकार ने अगले छह महीने तक अनिवार्य सेवा अनुरक्षण कानून लागू किया है। इसके बाद छह महीने तक हड़ताल पर रोक लग गई। एस्मा कानून लागू पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने इसे यूपी के खराब हालात बताया। पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा मुखिया ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट किया। लिखा कि एस्मा लागू करना इस बात का संकेत है कि यूपी में खराब हालात लगातार बढ़ रहे हैं। भाजपा जोड़-तोड़ और हेराफेरी करके सरकार बना तो लेती है, लेकिन उसे सरकार चलाना नहीं आता।

### अधीन लोगों पर ही पाबंदी लगा रही सरकार

लिखा कि सरकार को पता है कि कर्मचारियों-अधिकारियों के बीच विरोध और आक्रोश का सुषुप्त ज्वालामुखी कभी भी फट सकता है। इसीलिए अपने अधीन लोगों पर ही पाबंदी लगा रही है। प्रदेश ही देशभर के विभिन्न सरकारी विभागों और अर्द्धसरकारी संस्थानों पर काम करने वाले लोग खराब नीतियों से मजबूर परेशान हैं। उनमें असंतोष फैल रहा है। जो कभी भी हड़ताल बनकर उभर सकता है। इसीलिए सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया है। उप्र सरकार का ये फरमान अपने आप में उप्र में लगातार बढ़ते खराब हालातों को बयां कर रहा है कि अगले 6 महीनों तक अनिवार्य सेवा अनुरक्षण कानून (एस्टअ) के तहत हड़ताल पर प्रतिबंध होगा।

# महाराष्ट्र में ईवीएम पर बढ़ा विवाद, मरकाडवाड़ी गांव बना सरकार बनाम विपक्ष का अखाड़ा

**महाराष्ट्र।** शरद पवार ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए मांग की कि पश्चिमी देशों में भी बैलेट पेपर से चुनाव हो रहे हैं तो भारत में भी बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने चाहिए। महाराष्ट्र में ईवीएम का विरोध बढ़ता ही जा रहा है और अब इस विरोध का प्रतीक मरकाडवाड़ी गांव बन गया है। यही वजह है कि शरद पवार और उनकी पार्टी के नेता रविवार को मरकाडवाड़ी गांव पहुंचे और ईवीएम विरोधी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान शरद पवार ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए मांग की कि पश्चिमी देशों में भी बैलेट पेपर से चुनाव हो रहे हैं तो भारत में भी बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने चाहिए।

शरद पवार की पार्टी के नेता जितेंद्र अव्हाड़ भी इस ईवीएम विरोधी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'हम मरकाडवाड़ी गांव के लोगों से कुछ नहीं कह रहे हैं और यह पूरा कार्यक्रम गांव के लोगों ने आयोजित किया, लेकिन सवाल ये है कि अगर आपको लोकतंत्र पर विश्वास है तो लोगों को क्यों रोका जा रहा है? अगर आम आदमी अपने पैसों से कुछ करना चाहता है तो फिर उसमें हस्तक्षेप




करने और उन्हें गिरफ्तार करने की क्या जरूरत है? आप इतना क्यों डरे हुए हैं?'

### मरकाडवाड़ी क्यों बना ईवीएम विरोध का अखाड़ा

दरअसल महाराष्ट्र के सोलापुर जिले की मालशिरास विधानसभा सीट के अंतर्गत आने वाले गांव मरकाडवाड़ी के लोगों ने ईवीएम पर शंका जाहिर की थी और बैलेट पेपर से फिर से चुनाव कराने की मांग की थी। ग्रामीणों ने तीन दिसंबर को पुनर्मतदान की तैयारी भी कर ली थी, लेकिन प्रशासन की सख्ती के बाद ग्रामीणों ने अपना फैसला टाल दिया था। गांव वालों का दावा है कि मालशिरस सीट से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के विजेता उम्मीदवार उत्तम जानकर को मरकाडवाड़ी गांव में अपने प्रतिद्वंद्वी भाजपा उम्मीदवार राम सतपुते के मुकाबले 80 फीसदी से अधिक वोट मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि हालांकि ईवीएम के मतदान के अनुसार जानकर को 1,003 वोट मिले, जबकि सतपुते को उनसे कुछ ही कम 843 मत मिले। उन्होंने दावा किया कि सतपुते को उनके गांव से 100-150 से अधिक वोट नहीं मिले होंगे।

शरद पवार ने कहा- जब दुनिया में बैलेट से चुनाव हो रहे तो यहां क्यों नहीं हो सकते विपक्ष भी ईवीएम के नतीजों पर सवाल उठा रहा है। यही वजह है कि मरकाडवाड़ी गांव ईवीएम विरोध का महाराष्ट्र में केंद्र बन गया है। कार्यक्रम के दौरान शरद पवार ने कहा कि चुनाव में किसी की हार होती है तो किसी की जीत लेकिन हालिया विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया पर लोगों को शक है और लोगों को नतीजों पर विश्वास नहीं हो रहा है। अमेरिका, इंग्लैंड और कई यूरोपीय देशों में आज भी बैलेट पेपर से मतदान होता है, जब दुनियाभर में बैलेट से चुनाव हो रहे हैं तो ऐसा हमारे यहां क्यों नहीं हो सकता?

शरद पवार ने कहा कि मरकाडवाड़ी गांव के लोग बैलेट पेपर से पुनर्मतदान कराना चाहते थे, लेकिन लोगों को रोका जा रहा है, जो हैरानी भरा है। शरद पवार ने गांव के लोगों से अपील की कि वे उनकी शिकायत को चुनाव आयोग तक लेकर जाएंगे और एक प्रस्ताव लाएंगे, जिसमें चुनाव ईवीएम की बजाय बैलेट पेपर से कराने की मांग की जाएगी। मुंबई में भी रविवार को महा विकास अघाड़ी नेताओं की इस मुद्दे पर बैठक हुई। इस बैठक में शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे, जितेंद्र अव्हाड़ और नाना पटोले आदि शामिल हुए।

# शंभू बॉर्डर पर रोके गए किसान पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

**चंडीगढ़।** दिल्ली के लिए निकले 101 किसानों के जत्थे को शंभू बॉर्डर पर रोक दिया गया। उन्हें राष्ट्रीय राजधानी की ओर आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी गई। पुलिस ने किसानों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। पुलिस ने दावा किया कि उनके पास किसान यूनियनों द्वारा उपलब्ध कराई गई 101 किसानों के नामों की एक सूची है, लेकिन प्रदर्शन कर रहे किसानों के नाम उस सूची में नहीं थे। मौके पर तैनात हरियाणा पुलिस के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया, ह्नहम पहले उनकी पहचान करेंगे और फिर उन्हें आगे जाने देंगे। हमारे पास 101 किसानों के नामों की एक सूची है, और वे यह लोग नहीं हैं। साथ ही, वे सामूहिक रूप से आगे नहीं बढ़ सकते क्योंकि स्थानीय (अंबाला) प्रशासन ने पैदल, वाहनों या किसी अन्य माध्यम से जुलूस निकालने पर रोक लगा दी है।" संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसानों ने शनिवार को एक दिन के लिए स्थगित करने के बाद दूसरे दिन अपना दिल्ली चलो मार्च शुरू किया, लेकिन भारी कंटीले तार वाले बैरिकेड्स से कुछ मीटर की दूरी पर उन्हें रोक दिया गया। बता दें कि किसान अपनी लंबित मांगों के समर्थन में मार्च कर रहे हैं, जिसमें



फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, ऋण माफी और कृषि क्षेत्र में स्थितियों में सुधार के लिए सुधार शामिल हैं। एक प्रदर्शनकारी किसान ने कहा, हरियाणा सरकार ने इस सीमा को भारत-पाकिस्तान सीमा की तरह बना दिया है।

किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए एहतियाती उपाय के रूप में, घग्गर नाले पर स्थित अंतरराज्यीय सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिसकर्मियों ने किसानों को शांत करने की कोशिश की, मगर लोग यह तर्क देते नजर आए कि भारतीय होने के नाते उन्हें किसी भी नागरिक की तरह बिना अनुमति के राष्ट्रीय राजधानी तक मार्च करने का अधिकार है। मुख्य रूप से पंजाब के प्रदर्शनकारी किसानों ने शुक्रवार को अपना मार्च एक दिन के लिए टाल दिया क्योंकि उनका दावा है कि सुरक्षाबलों के साथ झड़प में उनमें से छह घायल हो गए। उन्होंने यह भी कहा कि वे सरकार से टकराव के बिना अपनी मांगों को लेकर केंद्र से बातचीत के लिए तैयार हैं। लेकिन उन्होंने अपना विरोध फिर से शुरू करने का फैसला किया क्योंकि उन्हें केंद्र सरकार से बातचीत का कोई प्रस्ताव नहीं मिला। शंभू सीमा पर किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने मीडिया को बताया कि उन्हें अपने मुद्दों को हल करने के लिए बातचीत के लिए केंद्र से कोई संदेश नहीं मिला है और कहा कि 101 किसानों का एक समूह फिर से दिल्ली के लिए अपना मार्च शुरू करेगा।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



# मंडल ताजपोशी में किसके सिर पर आएगा ताज और किसका बंध जाएगा बंडल

## मंडल अध्यक्ष के चुनाव में सहमति रहेगी प्राथमिकता और एक वर्ष वाला भी रहेगा अहम फैक्टर

उदयवीर सिंह

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा में संगठन चुनाव हो रहे हैं। भाजपा लोकसभा चुनावों से निपटी है और उसने हाल ही में उपचुनाव संपन्न कराए हैं। उसके खाते में बहुमत आया है और अब पार्टी लोकतांत्रिक व्यवस्था को सबके सामने रखते हुए भाजपा में संगठन में चुनाव हो रहे हैं। संगठन चुनाव में भाजपा की शुरूआत मंडल से हुई है। बूथ अध्यक्षों को पहले ही चुना जा चुका है और मंडल के बाद महानगर का चुनाव होना है। हालांकि ये पहले ही कहा जा चुका है कि चुनाव एक प्रक्रिया का शब्द है, लेकिन संगठन में आम सहमति बड़ा शब्द है। इसलिए मंडल अध्यक्ष हो या महानगर अध्यक्ष हो इस पर आम सहमति जरूरी है।

ये इसलिए भी है कि पार्टी में अनुशासन रहे और एक-दूसरे के खिलाफ चुनावी माहौल ना बनें और नारेबाजी ना होने लगे। भाजपा इन दिनों सत्ता के शिखर पर है, वो लगातार तीसरी बार केंद्र में है और लगातार दूसरी बार उत्तर प्रदेश में है। ऐसे में भाजपा का छोटे से छोटा पद भी अब बड़ा हो गया है और हर कोई सत्ताधारी दल के साथ ताजपोशी वाले सीन में जुड़ना चाहता है। भले ही वो संगठन में कोई पद हो या सरकार से जुड़ा कोई पद हो। मंडल चुनाव हो रहे हैं तो देश की सबसे बड़ी विधानसभा की बात होगी और ये विधानसभा इसलिए भी खास है यहां आबादी के हिसाब से, पार्षदों के हिसाब से भाजपा का दबदबा है। ये विधानसभा इसलिए भी खास है क्योंकि देश के नंबर वन विधायक यहीं के हैं। देश को सबसे बड़ी जीत विधानसभा में भाजपा को यहीं से मिली है। कैबिनेट मंत्री इसी विधानसभा के विधायक हैं। महानगर अध्यक्ष इसी विधानसभा से आते हैं और जब शहर सीट पर उपचुनाव हुआ तो उम्मीदवार भी यहीं के गये हैं। ऐसे में यहां की भाजपा राजनीति का एक अलग जलवा है। यहां के मंडल अध्यक्षों में किसकी पॉलिटिक्स का बंडल बंधने जा रहा है और किसके ऊपर फिर से ताज आ रहा है, इसको लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। यहां एक वर्ष वाला तर्क भी दिया जा रहा है और वहीं दूसरी दावेदार भी बदलाव की मांग के साथ तैयार बैठे हैं। यहां वसुंधरा, इंदिरापुरम, बृजविहार, शालीमार गार्डन, अर्थला, भौपुरा, लाजपतनगर कई मंडल आते हैं। इन मंडलों की राजनीति यहां अहम मानी जाती है। इन मंडलों में कौन यहां की मंडल राजनीति का बड़ा चेहरा बनेगा इसको लेकर चचाएं शुरू हो गई हैं।

### वसुंधरा वाले मंडल में अनिल शर्मा को मिलेगा मौका या कोई और मारेगा चौका



**करंट क्राइम।** नदिया पार की बात करें तो साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र का वसुंधरा मंडल भाजपा की सियासत के लिहाज से अहम माना जाता है। यहां अनिल शर्मा कमान संभाल रहे हैं और यहां भी ये तर्क दिया जा रहा है कि चूंकि उन्हें एक साल ही मिला है और ऐसे में उन्हें दो वर्ष मिलने चाहिए। कार्यकाल पूरा करने का मौका मिलना चाहिए। वहीं बताया जाता है कि मंडल ये कई चेहरे एक्टिव हैं। ऐसे में ये देखना रोचक होगा कि अनिल शर्मा को फिर से मौका मिलेगा या कोई दूसरा चेहरा यहां चौका मारेगा। अनिल शर्मा को मंडल की कमान मिलने पर उनके यहां जमकर ढोल बजा था और अब यही देखना है कि ये ढोल इनके यहां फिर से कब बजता है।

### अध्यक्ष वाले त्यागी दावेदार पर क्या आएगी मंडल की बहार



**करंट क्राइम।** बृजविहार मंडल की बात करें तो यहां सुधीर त्यागी मंडल अध्यक्ष हैं। सुधीर त्यागी ऐसे मंडल अध्यक्ष हैं जिन्होंने महानगर अध्यक्ष पद के लिये भी दावेदारी की है। वो पुराने कार्यकर्ता हैं और वरिष्ठता के आधार पर दावेदारी कर रहे हैं। बड़ी बात ये है कि क्या मंडल वाली बहार बृजविहार में उन पर फिर से आयेगी। सुधीर त्यागी दूसरी बार लगातार मंडल अध्यक्ष हैं। मगर यहां भी फैक्टर एक वर्ष वाला है। उनके समर्थक, उनके पैरोकार इस बात को जरूर बताते हैं कि मंडल अध्यक्ष वाली पारी भले ही लगातार दूसरी बार खेल रहे हैं, लेकिन दूसरी बार में भी उन्हें अभी एक साल मिला है इसलिए जो रूल पहले वालों के लिये होगा वही रूल यहां वालों के लिये होगा। सुधीर त्यागी कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के करीबी चेहरों में गिने जाते हैं। सुधीर त्यागी मंडल अध्यक्ष के रूप में पूरी तरह एक्टिव रहते हैं और अगर लगातार तीसरी बार वाला पेंच नहीं फंसा और दूसरी बार के कार्यकाल को ही पूरा करने के लिये मौका मिला तो उनका नाम रिपीट हो जाएगा।

### भोपुरा मंडल में क्या बदलने वाली है तस्वीर या रहेगी वही तकदीर



**करंट क्राइम।** भोपुरा मंडल की बात करें तो यहां ओमेंद्र कसाना मंडल अध्यक्ष हैं। भाजपा के कार्यकर्ता हैं और उन्हें भी अभी एक साल का ही दायित्व मिला है। भोपुरा में मंडल अध्यक्ष बनने के लिये कई चेहरे दावेदारी में हैं और वो अपने-अपने स्तर से पैरोकारी भी करा रहे हैं। ऐसे में ये देखना रोचक रहेगा कि भोपुरा में मंडल वाली तस्वीर बदलती है या फिर संगठन वाली तकदीर वही रहती है।

### इंदिरापुरम में मंडल की कमान और हरमीत बख्शी का चर्चा में नाम



**करंट क्राइम।** पहले ही बताया जा चुका है कि मंडल अध्यक्षों में आम सहमति को प्राथमिकता मिलेगी। यहां पर इंदिरापुरम मंडल की बात करें तो मौजूदा अध्यक्ष हरमीत बख्शी हैं। समन्वय बनाकर चलते हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि वो भगवा कमांडर की गुड बुक के नेता माने जाते हैं। उन पर पहलवान का भी आशीर्वाद बताया जाता है। यहां उनके लिये भी तर्क यहां दिया जा रहा है कि उन्हें भी एक साल ही मिला है और बिना बदलाव के उन्हें पूरा मौका मिलना चाहिए।

### अर्थला वाले मंडल में क्या फिर से आयेगा ठाकुर साहब का नाम



**करंट क्राइम।** अर्थला में भाजपा के मंडल अध्यक्ष दीपक राघव हैं। दीपक राघव मेहनती कार्यकर्ता हैं, टीम के साथ काम करते हैं, लेकिन उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती ये है कि उनके यहां दावेदार बहुत हैं। भाजपा की सियासत में नए प्रयोग हो रहे हैं ऐसे में अर्थला वाले भगवा ठाकुर को अपना ताज बचाना है।

### क्या बदलेगा लाजपतनगर में मंडल अध्यक्ष वाला कोई फसाना



**करंट क्राइम।** लाजपतनगर का भाजपा मंडल दावेदारों से भरपूर है। यहां मौजूदा समय में बिजेंद्र भड़ाना अध्यक्ष हैं। उनके साथ भी वही एक साल वाला फैक्टर है। लाजपतनगर में क्या कोई नया फसाना आएगा या फिर भड़ाना का नाम ही रिपीट हो जाएगा। भाजपा के सूत्र बताते हैं कि यहां माहौल चुनौतियों से भरा है और यहां भड़ाना को अपनी ताजपोशी के लिये थोड़ा एक्स्ट्रा मेहनत करनी पड़ सकती है।

### शालीमार गार्डन में राजन आर्य वाल्मीकि के बाद कौन होगा दूसरा अध्यक्ष



**करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन मंडल की बात करें तो यहां से राजन आर्य वाल्मीकि मंडल अध्यक्ष हैं। भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं और वो ऐसे मंडल अध्यक्ष हैं जो महानगर महामंत्री भी रहे हैं। राजन आर्य वाल्मीकि भाजपा के कार्यकर्ता भी हैं और लंबे समय से वो मंडल की कमान भी संभाल रहे हैं। यहां भी दूसरे साल वाला फैक्टर काम कर रहा है। वहीं भाजपा का एक गुट ऐसा भी है जो यहां मंडल अध्यक्षी के लिए दो नाम आगे कर रहा है। शालीमार गार्डन को लेकर सवाल यही है कि यहां नया चेहरा कौन आएगा। अगर कोई नया चेहरा नहीं आएगा तो क्या ये नाम अध्यक्षी में फिर से फिट हो जाएगा।

### क्या बूथ अध्यक्षों की तरह बजेगा मंडल अध्यक्षों के घर पर भी ढोल

**करंट क्राइम।** संगठन के चुनाव हैं और भाजपा इन दिनों हर चीज को इवेंट कर रही है। उसने बूथ अध्यक्षों की ताजपोशी को इवेंट बनाया। बूथ अध्यक्ष के क्षेत्र में रहने वाले विधायकों और संगठन पदाधिकारियों को भी ड्यूटी पर लगाया। बूथ अध्यक्षों के घर भाजपा ने पहले जाकर ढोल बजाया, मिठाई बांटी और बूथ अध्यक्षों को फूलों का हार पहनाया। पूरा मोहल्ला ये देखने के लिये आया कि उनके यहां रहने वाले भाजपा नेता के घर ढोल क्यों बज रहा है। तब मोहल्ले को पता चला कि नेताजी बूथ अध्यक्ष हो गए हैं और भाजपा की ये टीम उनके घर पर बूथ अध्यक्ष वाली नेम प्लेट लगाने आई है। अब सवाल यही है कि अगर बूथ अध्यक्षों के घर पर ढोल बज सकता है तो मंडल अध्यक्षों के यहां जश्न भी अलग होगा और टशन भी अलग होगी।

## आज भी जारी रहेगी बार व अधिवक्ताओं की हड़ताल

### समस्त टाइपिस्ट एवं स्टांप वेंडर भी बंद करेंगे अपना कार्य



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में गाजियाबाद बार एसोसिएशन बीते 40 दिनों से धरने पर बैठी हुई है। बार के साथ बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भी मोर्चा खोला हुआ है। बार एसोसिएशन गाजियाबाद की मांग है कि इस मामले में जिला जज को हटाया जाए या उनका तबादला किया जाए। इसके साथ ही जिन पुलिसकर्मियों द्वारा अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज कराया गया था, उनपर भी कार्रवाई हो। बीते 41 दिनों से वकील धरने पर हैं। इसके बाद भी आंदोलन का कोई हल नहीं निकल रहा है। सोमवार को भी अधिवक्ताओं का बार एसोसिएशन के बैनर तले धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

### 11 वरिष्ठ अधिवक्ता क्रमिक अनशन पर बैठेंगे

**करंट क्राइम।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा ने पत्र जारी करते हुए कहा है कि जो आंदोलन चल रहा है, उसके लिए आंदोलन संघर्ष समिति बनाई गई है। इस संघर्ष समिति में 51 सदस्य हैं। सभी को कहा गया है कि सभी आंदोलन संघर्ष समिति के नामित सदस्यों की आंदोलन और धरने के दौरान उपस्थिति अनिवार्य है। जिससे आंदोलन का सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सके और वकीलों का मान सम्मान सुरक्षित रहे। बता दें कि सोमवार को सीबीआई बिल्डिंग चेंबर नंबर 1 से चेंबर नंबर 24 व कलेक्ट कंपाउंड आने वाले अधिवक्ताओं के चेंबर एक से लेकर 150 तक के सभी अधिवक्ताओं को शामिल किया जाएगा। साथ ही 11 वरिष्ठ अधिवक्ता क्रमिक अनशन पर भी बैठेंगे।

## 40 दिन के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लगाई गई धारा-163

### यातायात जाम करने पर होगी कार्रवाई तो बिना अनुमति के नहीं होगा कोई भी जुलूस, सम्मेलन और धरना-प्रदर्शन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा 40 दिनों के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत चौधरी चरण सिंह जयंती, क्रिसमस डे, क्रिसमस इवनिंग, नव वर्ष की संध्या और अन्य धार्मिक, सांस्कृतिक व विरोध, धरना-प्रदर्शन व परीक्षाओं के दृष्टिगत गाजियाबाद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश जारी किया गया है। साथ ही नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की घोषणा कर दी गई है। इसके साथ ही किसी भी प्रकार के जुलूस, सभा, सम्मेलन, धरना-प्रदर्शन, रैली बिना परमिशन के आयोजित नहीं किए जाएंगे। किसी भी सार्वजनिक स्थान पर चार या चार से अधिक व्यक्ति जमा होते हैं, तो उन पर पुलिस कार्रवाई कर सकती है। इस दौरान सात जनवरी 2025 तक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में निषेधाज्ञा आदेश जारी कर दिया गया है। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के इलाके में इस अधिनियम के उल्लंघन करने पर दोषियों पर कार्रवाई भी होगी। तो वहीं सभी थाना प्रभारियों से परीक्षा केंद्रों के आसपास किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी होने की आशंका तो नहीं है। वहीं कोई समूह यातायात जाम या बाधित न करने पाए।

### तनाव फैलाने वाले व्यक्तियों पर रहेगी नजर

**करंट क्राइम।** निषेधाज्ञा आदेश जारी कर दिया गया है। जो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में मान्य होगा। इस दौरान किसी भी जाति-धर्म एवं किसी भी ऐसे व्यक्ति जिसके किसी खास स्थान पर कार्यक्रम होने से माहौल खराब हो सकता है, उनको अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। बिना किसी अनुमति के कोई भी जुलूस, सभा, सम्मेलन, धरना-प्रदर्शन और रैली का आयोजन नहीं होगा। इसके साथ ही शांति व्यवस्था भंग करने संबंधी कोई व्यक्ति अगर काम करेगा, तो उसके ऊपर भी शांति व्यवस्था भंग करने के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### अस्त्र-शस्त्र, भाला-तलवार और छुरी रखना माना जाएगा अपराध

**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 लागू कर दी गई है। इसके तहत अगर किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक पदार्थ, चाकू, भाला, बरछी, तलवार और छुरा आदि लेकर चला तो उसे अपराध माना जाएगा। यह सामान लेकर किसी को जाने की अनुमति नहीं है। वही पेट्रोल पंप मालिकों और खुर्दा पेट्रोल विक्रेताओं को कहा गया है कि वह कांच की बोतल या अन्य किसी ड्रम में ज्वलनशील पदार्थ न दें। 25 दिसंबर व नए साल व उसकी पूर्व संध्या पर सार्वजनिक स्थानों पर नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## बैठा दिया है जिन भाजपाइयों पर उम्र ने पहरा

# क्या कभी बंधेगा उन भगवा वरिष्ठों के सिर पर भी सरकारी कृपा का सेहरा

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजनीति में उम्र भी एक फैक्टर होती है। राजनीति में एक समीकरण भी होता है बदलती हुई राजनीति में अब सियासी विरासत नए चेहरों के पास आ रही है। ऐसे में ये सवाल उठता है कि क्या उन चेहरों के लिये भी कोई स्कोप बचा है, जिन्होंने पूरी सियासी उम्र भाजपा की खिदमत में बिताई है। इन चेहरों में कई चेहरे हैं ऐसे में जो संगठन की जिम्मेदारियों से आगे नहीं निकले। कई चेहरे ऐसे हैं जो अपनी पारी का इंतजार कर रहे हैं। कई चेहरे ऐसे में जिनके लिये संगठन ये कह सकता है कि मौका दिया गया और कई चेहरे ऐसे हैं जो ये कह सकते हैं कि सेवा के बदले वो नहीं मिला जो मिलना चाहिए था। अब जब भाजपा लहर पर सवार है तो उसकी कश्ती में नई पतवार भी आ गई है। ये फूलों का चमन है उसमें नई बहार भी आ गई है। ऐसा नहीं है कई पुराने चेहरों को मौका मिला है और ये उम्र की दहलीज से पहले ही सरकारी कृपा से अभिभूत हुए हैं। दिवंगत तेलूराम कांबोज को पार्टी ने मेयर चुनाव लड़वाया। वरिष्ठों की बात करें तो सुनीता दयाल को एक बार विधानसभा का टिकट दिया। उन्हें प्रदेश उपाध्क्ष बनाया और आज वो गाजियाबाद की मेयर हैं। लेकिन अगर हम भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं को देखें तो ये पता चलता है कि नई भाजपा में वो हाशिये पर हैं। अपनी पारी का इंतजार कर रहे हैं और ये उम्मीद है कि पार्टी कभी तो उनके बारे में सोचेगी। नई हवा की नई भाजपा में बहुत कुछ बदला है और आज उन चेहरों की होगी जिन्हें इंतजार है कि सरकार कभी तो उनकी तरफ तो देखेगी। कभी तो किसी आयोग वाली लिस्ट में उनका भी नाम आयेगा। कभी तो उनके घर पर भी कोई आयोग वाला पैगाम आयेगा। अब लोकसभा के चुनाव भी हो गए, विधानसभा उपचुनाव भी हो गए और कई आयोग की लिस्ट भी जारी हो गई। सवाल यही है कि ये नींव की ईंटें कब मुकाम पाएंगी। नई हवा की नई भाजपा में अतुल गर्ग विधायक से मंत्री बनें और मंत्री से सांसद बनें। संजीव शर्मा महानगर अध्यक्ष से विधायक बनें, सुनील शर्मा विधायक से कैबिनेट मंत्री बनें, दिनेश गोयल, नरेंद्र कश्यप एमएलसी बनें, लेकिन ये जितने भी पुराने चेहरे हैं ये क्या बनें इस पर विचार होना चाहिए।

### बृजपाल तेवतिया को कब तक करना है इंतजार



**करंट क्राइम।** बृजपाल तेवतिया भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। वो नगर निगम के पार्षद रहे हैं। उन्होंने मुरादनगर विधानसभा का चुनाव भाजपा के टिकट पर लड़ा। यहां वो बेहतरीन फाइट करने के बाद भी तीसरे स्थान पर रहे। उनका नाम विधानसभा वाली सूची में माना जा रहा था, लेकिन गोलीकांड के बाद ये चेहरा सियासी हाशिए पर आ गया। इंतजार होता रहा कि उन्हें कुछ मिलेगा, लेकिन नहीं मिला। पार्टी के एंगल से देखें तो उनके भाई विकास तेवतिया को मुरादनगर नगर पालिका परिषद का चेयरमैन टिकट मिला और वो चुनाव जीते, लेकिन बृजपाल तेवतिया के हिस्से में कुछ नहीं आया। अब उम्र भी बढ़ रही है और इस चेहरे को भी कृपा का इंतजार है।

### कब आएगा पृथ्वी सिंह कसाना का कृपा लिस्ट में नाम



**करंट क्राइम।** पृथ्वी सिंह कसाना भाजपा के उन वरिष्ठ चेहरों में हैं जो बौद्धिक स्तर पर अपनी एक अलग पहचान रखते हैं। वो शिक्षाविद हैं और विभिन्न मुद्दों पर गहन जानकारी रखते हैं। भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं, लेकिन ये वरिष्ठता उनके काम नहीं आई है। पिछली सरकार के कार्यकाल में वो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रहे। लोनी से दावेदारी रही लेकिन टिकट नहीं मिला। एमएलसी वाली सूची भी जारी हो गई मगर नाम नहीं आया। क्या इस चेहरे को अभी और इंतजार करना है या फिर मान लेना है कि पार्टी विचार नहीं कर रही।

### क्या फिर से मौका मिलेगा बलदेवराज शर्मा को



**करंट क्राइम।** बलदेवराज शर्मा भाजपा के वो नेता हैं जो जनसंघ के जमाने से हैं। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय से लेकर श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जमाना देखा है। उम्र के इस दौर में भी वो बेहद एक्टिव रहते हैं। कार्यकताओं के साथ बेहतर तालमेल है। पार्टी ने उन्हें दर्जाप्राप्त राज्यमंत्री बनाया, लेकिन दूसरी पारी में उनके पास कोई जिम्मेदारी नहीं है। अब यही देखना है कि नई लिस्ट में उनका अभी नाम आता है या फिर ये कार्यकाल ऐसे ही गुजर जाता है।

### अशोक गोयल को मिलेगा क्या जनप्रतिनिधि बनने का मौका



**करंट क्राइम।** वरिष्ठता की बात करें तो अशोक गोयल सबसे पुराने भाजपाई हैं। कई आंदोलन देखे हैं, पार्टी का पुराना कार्यकाल देखा है। जब भाजपा पर बहार आई तो इन फूलों का नंबर नहीं आया। वो उम्रदराज नेता हैं और उन्हें व्यापारी फोरम का पद भी दिया गया था। हालांकि इसे दर्जाप्राप्त राज्यमंत्री का पद बताया गया, मगर इसको लेकर संशय बरकरार रहा। कलक्ट्रेट के बड़े अफसर ने एक मौके पर इस पद को दर्जाप्राप्त राज्यमंत्री का पद मानने से इनकार किया था। अशोक गोयल इतने पुराने भाजपाई हैं और उनका नंबर किसी एमएलसी वाली लिस्ट में नहीं आया। अब जब योगी सरकार की दूसरी पारी भी दो साल पूरे कर तीसरे वर्ष की ओर बढ़ रही है तो ये सवाल उठता है कि अशोक गोयल जैसे नेता की उम्र भी बढ़ रही है। क्या पार्टी उन्हें कोई मौका देगी।

### कब तक रहेगा विजय मोहन के नाम पर कृपा का सन्नाटा



**करंट क्राइम।** विजय मोहन भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं। पोलिंग एजेंट से लेकर संगठन के पदों तक उनका चेहरा है। वो निगम के पार्षद रहे हैं और ऐसे पार्षद हैं जिन्होंने सीट महिला आरक्षित होने पर अपनी पत्नी को चुनाव लड़वाने के बजाए सिंबल वापस किया था और कार्यकर्ता को चुनाव लड़वाने की बात कही थी। वो भाजपा के ऐसे कार्यकर्ता हैं जिन्हें एक पद मिला था तो उन्होंने उसे वापस लौटा दिया था। वो ऐसे कार्यकर्ता हैं जिन्होंने भाजपा के लिये लाठी-डंडे खाए हैं, मुकदमें झेले हैं। बेहर स्पष्ट वक्ता हैं और वो पेशे से अधिवक्ता हैं। बीते दिनों उनके युवा पुत्र का आकस्मिक निधन हो गया। तब ये माना गया था कि शहर सीट पर भाजपा उनके चेहरे के रूप में वैश्य कार्ड और सिम्पैथी फैक्टर दोनों चल सकती है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भाजपा का ये पुराना चेहरा महानगर टीम, क्षेत्रीय टीम से आगे नहीं निकला और आज भी ये चेहरा अपनी बारी का इंतजार कर रहा है।

### पंजाबी एकेडमी के सदस्य वाली सूची के बाद फिर नहीं आया जगदीश साधना



**करंट क्राइम।** जगदीश साधना पुराने भाजपाई हैं और एक कार्यकर्ता के रूप में उनके जज्बे को सलाम किया जा सकता है। पार्टी के हर आंदोलन में, हर मूवमेंट में वो सक्रिय रहते हैं। पार्टी के कार्यक्रमों उनकी उपस्थिति रहती है। मेयर चुनाव से लेकर विधानसभा चुनाव तक उन्होंने पंजाबी समाज की ओर से दावेदारी की है। एक कार्यकर्ता के रूप में टिकट मांगा है, लेकिन लिस्ट जारी हुई तो इस चेहरे का नाम कहीं नहीं था। उन्हें केवल उत्तर प्रदेश पंजाबी एकेडमी का सदस्य बनाया गया। बाद में खुद जगदशी साधना ने ही इस पद से त्यागपत्र दे दिया। उसके बाद कृपा की कई लिस्ट जारी हुई लेकिन जगदीश साधना का इनमें नहीं था। क्या जगदीश साधना की इतने वर्षों की पतस्या का फल उन्हें मिलेगा या फिर उन्हें भी पार्टी हाशिए पर रखेगी।

### माना वो रहे हैं मेयर मगर सरकार तो करे उनकी केयर



**करंट क्राइम।** पूर्व मेयर अशु वर्मा भाजपा का एक ऐसा वरिष्ठ चेहरा है जिन्होंने भाजपा युवा मोर्चा से राजनीति की उड़ान भरी और वो आज भी पूरी तरह एक्टिव हैं। पार्टी के वरिष्ठ अनुभवी सुलझे हुए चेहरे के रूप में पहचान है। किसान आंदोलन की बात हो तो भाजपा का ये जाट चेहरा सबसे आगे होता है। उन्हें मेयर उपचुनाव में पार्टी ने मौका दिया और वो मेयर बनें, लेकिन इसके बाद कई मौके आए मगर पार्टी ने फिर इस नाम की केयर नहीं की। पूर्व मेयर अशु वर्मा अभी भी एक्टिव हैं और वो जमीनी राजनीति से लेकर सोशल मीडिया तक सक्रिय हैं। इस चेहरे को भाजपा कब मौका देती है ये देखने की बात है।

### पुराने कार्यकर्ता मास्टर अमरदत्त शर्मा को करेगी क्या पार्टी कंसीडर



**करंट क्राइम।** मास्टर अमरदत्त शर्मा पुराने भाजपाई हैं, वो भाजपा के जिलाध्यक्ष भी रहे हैं। उम्र के इस मोड़ पर वो भाजपा का झंडा उठा रहे हैं। कई कार्यक्रमों में वो नजर आते हैं, लेकिन इस चेहरे को भी वो मुकाम नहीं मिला जिसके लिये वो जाने जाते हैं। हालांकि भाजपा की एक लॉबी ये मानती है कि उनके पुत्र कपिल वशिष्ठ को पार्टी ने नामित पार्षद बनाया, मगर यहां एक बड़ा सवाल ये है कि जिन मास्टर अमरदत्त शर्मा ने उम्र भर भाजपा का झंडा उठाया है पार्टी ने आखिर उन्हें क्या बनाया है।

## संपादकीय

# कैसे कामयाब हो पॉश?

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल में अपने एक आदेश में सभी सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों से कहा है कि वे अपने यहां यौन-प्रताड़ना निरोधक कानूनों का क्रियान्वयन करें। इससे पता चलता है कि हमारे यहां कार्यस्थलों को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने में कितनी कम रुचि ली जाती है। यह बात इसलिए भी परेशान करने वाली है कि ये आदेश संसद द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन शोषण (रोकथाम, निषेध, निवारण) अधिनियम यानी पॉश अधिनियम के 2013 में पारित होने के 10 साल से अधिक समय के बाद आया है। यह आदेश सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गत वर्ष मई में दिए गए उस बयान के बाद आया है जिसमें गोवा विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर द्वारा छात्राओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों के विरुद्ध अपील के मामले में उसने कहा था कि अधिनियम के क्रियान्वयन में गंभीर चूक हुई है। उस समय सर्वोच्च न्यायालय ने विस्तृत निर्देश जारी किए थे और केंद्र, राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों से कहा कि वे इस बात की पुष्टि करें कि क्या उनके अधीन आने वाले सभी विभागों ने जिलों में स्थानीय शिकायत समिति या आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया है, क्या उनके बारे में सूचनाओं का समुचित प्रसार किया गया है, और क्या नियमित रूप से जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं? अपने इस आदेश में न्यायालय ने इन समितियों के गठन के लिए जनवरी 2025 की समय सीमा तय की है। महिलाओं द्वारा शिकायत दर्ज कराने के लिए शीबॉक्स पोर्टल्स बनाने की बात कहने के साथ ही न्यायालय ने कहा कि यह सब मार्च 2025 के पहले हो जाना चाहिए। सबसे बड़ी अदालत से बार-बार ऐसी घोषणा का आना यह रेखांकित करता है कि देश में महिलाओं के संरक्षण के लिए कितनी धीमी गति से काम किया जा रहा है। इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है। गत वर्ष महिला पहलवानों ने अखिल भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख पर यौन उत्पीड़न के आरोपों पर प्रदर्शन किया था और उसके पश्चात हुई जांच में पाया गया कि देश की अधिकांश अधिमान्य खेल संस्थाओं में आंतरिक शिकायत समितियां नहीं हैं। इस वर्ष के आरंभ में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के बलात्कार और हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल की सरकार ने अस्पष्ट प्रतिक्रिया दी थी जिससे कार्य स्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के प्रति उदासीनता का भाव उजागर हुआ था। ये घटनाएं दो स्तर पर दुखद हैं क्योंकि सरकारी संस्थानों को पॉश अधिनियम के क्रियान्वयन की पहल करनी चाहिए थी। ऐसा करने से निजी क्षेत्र को प्रेरणा मिलती क्योंकि वह इस मोर्चे पर काफी पीछे है। यह स्थिति तब है जबकि सभी निजी संस्थानों के लिए यह अधिनियम लागू करना अनिवार्य है। वर्ष 2018 में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने सभी सूचीबद्ध कंपनियों के लिए यह अनिवार्य कर दिया था कि वे अपनी वार्षिक रिपोर्ट में यौन शोषण के मामलों के आंकड़े पेश करें। इस वर्ष मई में अशोका विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर इकनॉमिक डेटा ऐंड एनालिसिस ने दिखाया कि कंपनियों द्वारा अपनी वार्षिक रिपोर्ट में पेश किए जाने वाले यौन शोषण के मामलों के आंकड़ों में यकीनन इजाफा हुआ है।

# अगले 2 से 3 वर्षों में देश में तेजी से घटेगी लॉजिस्टिक्स की लागत : नितिन गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले दो-तीन वर्षों में देश में लॉजिस्टिक्स लागत को एकल अंक तक लाना है, जो फिलहाल दोहरे अंक में है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत में मौजूदा समय में लॉजिस्टिक्स लागत 14 से 16 प्रतिशत के बीच है। यह अगले दो से तीन वर्षों में घटकर 9 प्रतिशत हो जाएगी।

इससे भारत की आर्थिक प्रतिस्पर्धात्मकता में काफी सुधार होगा। सरकार ने लॉजिस्टिक्स सेक्टर की समास्याओं को दूर करने के लिए कई रणनीतिक नीतियां शुरू की हैं, जिसमें 'प्रधानमंत्री गति शक्ति-राष्ट्रीय मास्टर प्लान' (पीएमजीएस-एनएमपी) और 'राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति' (एनएलपी) शामिल हैं। मुंबई में हुए एक इवेंट में केंद्रीय मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि हमें हाइड्रोजन को एक भविष्य के ईंधन के तौर पर देखने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने हाइड्रोजन और सीएनजी के उत्पादन के लिए बायोमास और बायोडाइजेस्टर



टेक्नोलॉजी की क्षमता के बारे में लोगों को अवगत कराया। मंत्री ने कहा कि भारत अगले 10 वर्षों में वैकल्पिक और जैव ईंधन के मामले में भी दुनिया का नेतृत्व करेगा। वर्तमान में कुल टोल आय 52,000 करोड़ रुपये है। दो साल के भीतर यह आय 1.4 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। गडकरी ने ह्यसीएनबीसी-टीवी18 इंडिया बिजनेस लीडर अवाड्र्सह्न कार्यक्रम में कहा, हम ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे बना रहे हैं और फंडिंग को लेकर कोई समस्या नहीं है, क्योंकि हम जो भी प्रोजेक्ट शुरू करते हैं, वह आर्थिक रूप से व्यवहार्य होता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमें 2.8 लाख करोड़ रुपये के बजट के रूप में वित्त मंत्रालय से भी मजबूत सपोर्ट मिला है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पानी, बिजली, परिवहन और संचार जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास को प्राथमिकता दी है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'बीमा सखी योजना' करेंगे लॉन्च, महिला सशक्तीकरण को मिलेगा बल



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को अपनी हरियाणा यात्रा के दौरान 'बीमा सखी योजना' को लॉन्च करेंगे। इस योजना के जरिए सरकार की कोशिश महिलाओं के सशक्त बनाना और वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाना है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से जारी बयान में बताया गया, यह भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की एक पहल है। इस योजना को पानीपत में लॉन्च किया जाएगा। 'बीमा सखी योजना' के जरिए 10वीं पास कर चुकी 18 से 70 वर्ष की आयु की महिलाओं के सशक्तीकरण को बल मिलेगा। बयान में आगे कहा गया कि इस योजना के तहत वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को पहले तीन वर्षों के लिए विशेष प्रशिक्षण और वजीफा दिया जाएगा।

प्रशिक्षण के बाद महिलाएं एलआईसी एजेंट के रूप में काम कर सकती हैं और स्नातक बीमा सखियों को एलआईसी में विकास अधिकारी की भूमिका में काम करने का भी अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी भावी बीमा सखियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र भी वितरित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल के मुख्य परिसर की आधारशिला भी रखेंगे। मुख्य परिसर और छह क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र 495 एकड़ में फैले होंगे। इसमें 700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। विश्वविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए एक बागवानी कॉलेज और 10 बागवानी विषयों को कवर करने वाले पांच स्कूल होंगे। यह बागवानी टेक्नोलॉजी के विकास के लिए फसल विविधीकरण और विश्व स्तरीय अनुसंधान की दिशा में काम करेगा। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को सबसे पहले जयपुर जाएंगे और सुबह 10.30 बजे जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट - 2024' का उद्घाटन करेंगे। इस समिट में 16 भागीदार देशों और 20 अंतरराष्ट्रीय संगठनों सहित 32 से अधिक देश भाग लेंगे।

# इस्राइली कंपनी बनाएगी भारत में आईपी फोन, सालाना करेगी 80 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली।** इस्राइल की एकीकृत संचार कंपनी तादिरन टेलीकॉम भारत में आईपी टेलीफोन बनाने की योजना बना रही है। इसमें कंपनी सालाना कम से कम 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 80 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी। कंपनी ने मेक इन इंडिया के तहत आईपी फोन बनाने के लिए भारतीय कंपनी डीसीएम श्रीराम के साथ साझेदारी की है। यह जानकारी भारत में आईपी फोन बनाने के एलान के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान तादिरन टेलीकॉम के सीईओ मिट्ज ने दी। उन्होंने कहा कि उत्पादन को आगे बढ़ाने के दूसरे चरण में कंपनी की हर साल अधिक निवेश करने की संभावना है। इसमें सॉफ्टवेयर का विकास भी शामिल होगा। उन्होंने आगे कहा कि हमारी योजना भारत में हर साल 1,00,000 आईपी टेलीफोन बनाने की है, हालांकि आईपी फोन बनाने की यह संख्या अभी कम है। हम प्रदर्शन के आधार पर निवेश में बढ़ोतरी करेंगे। हमने अभी अपनी आईपी फोन निर्माण परियोजना के लिए सालाना 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर आवंटित किए हैं। आईपी टेलीफोन एप के जरिये कॉन्फ्रेंस कॉल सहित कई संचार के काम होते हैं और आम तौर पर व्यावसायिक संगठनों में इस्तेमाल किए जाते हैं। तादिरन भारत में बीते 26 साल से चैनल भागीदारों के जरिए काम कर रही है।



### निर्माण लक्ष्यों पूरे होने पर होगा दूसरा चरण का विस्तार

मिट्ज ने कहा कि कंपनी का 70 फीसदी कारोबार सॉफ्टवेयर से और 30 फीसदी प्रतिशत हार्डवेयर में होता है। उन्होंने कहा कि तादिरन श्रेणी 2 उपकरण बनाएगा। यह एक ऐसी श्रेणी जो तत्काल प्रभाव से सरकारी खरीद के लिए योग्य है। मिट्ज ने कहा कि भारत में निर्माण हमारी विस्तार योजना का पहला चरण है। अगर हम निर्माण लक्ष्यों को पूरा करने में कामयाब होते हैं, तो हम सॉफ्टवेयर विकास के लिए भारत में अपने दूसरा चरण का विस्तार शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि तादिरन टेलीकॉम पहले से ही सहयोग के लिए एक भारतीय सॉफ्टवेयर दिग्गज के साथ चर्चा कर रहा है। वहीं, तादिरन के साथ साझेदारी के बारे में डीसीएम श्रीराम के अध्यक्ष रुद्र श्रीराम ने कहा कि यह पहली बार है।

# भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में फिर से बढ़ोतरी कई हफ्ते की गिरावट के बाद आई उछाल

**नई दिल्ली।** लगातार आठ हफ्ते की गिरावट के बाद भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में फिर से बढ़ोतरी शुरू हो गई है, जो कई महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गया है। इससे पहले सितंबर में 704.89 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने के बाद से भंडार में गिरावट आ रही थी। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में एक बार फिर से बढ़ोतरी शुरू हो गई है, इसके साथ ही लगातार आठ हफ्ते की गिरावट पर लगाम भी लग गई है, जो कई महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गया है। 29 नवंबर को समाप्त सप्ताह में, विदेशी मुद्रा भंडार 1.510 बिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 658.091 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जैसा कि इस सप्ताह की शुरूआत में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से पता चला।

### सबसे उचे स्तर को छूने बाद शुरू हुई थी गिरावट

सितंबर में 704.89 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने के बाद से भंडार में गिरावट आ रही थी। रुपये के तेज अवमूल्यन को रोकने के उद्देश्य से आरबीआई के हस्तक्षेप के कारण भंडार में गिरावट आ रही है। पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार बफर घरेलू आर्थिक गतिविधियों को वैश्विक



झटकों से बचाने में मदद करता है। आरबीआई के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि भारत की विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए), जो विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक है, 568.852 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में स्वर्ण भंडार 66.979 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।

### भारत ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार में लगभग 58 बिलियन यूसीडी जोड़े

वहीं, अनुमान बताते हैं कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अब अनुमानित आयात के लगभग एक वर्ष को कवर करने के लिए पर्याप्त है। 2023 में, भारत ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार में लगभग 58 बिलियन अमेरिकी डॉलर जोड़े, जबकि 2022 में इसमें 71 बिलियन अमेरिकी डॉलर की संचयी गिरावट आई। विदेशी मुद्रा भंडार या एफएक्स भंडार, किसी देश के केंद्रीय बैंक या मौद्रिक प्राधिकरण की तरफ से रखी गई संपत्तियां हैं, जो मुख्य रूप से अमेरिकी डॉलर जैसी आरक्षित मुद्राओं में होती हैं, जिनका छोटा हिस्सा यूरो, जापानी येन और पाउंड स्टर्लिंग में होता है।

### भारतीय रुपया सबसे स्थिर मुद्राओं में से एक

आरबीआई विदेशी मुद्रा बाजारों पर बारीकी से नजर रखता है, केवल व्यवस्थित बाजार स्थितियों को बनाए रखने और रुपये की विनिमय दर में अत्यधिक अस्थिरता को रोकने के लिए हस्तक्षेप करता है, बिना किसी निश्चित लक्ष्य स्तर या सीमा का पालन किए। आरबीआई अक्सर रुपये के मूल्यह्रास को रोकने के लिए डॉलर बेचने समेत तरलता का प्रबंधन करके हस्तक्षेप करता है। एक दशक पहले, भारतीय रुपया एशिया की सबसे अस्थिर मुद्राओं में से एक था। तब से, यह सबसे स्थिर मुद्राओं में से एक बन गया है। आरबीआई ने रणनीतिक रूप से रुपया मजबूत होने पर डॉलर खरीदे हैं और कमजोर होने पर बेचे हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- आपके दोस्त आपकी जरूरत हैं। उनके साथ होने से आपके शरीर की क्षमता 75 प्रतिशत तक बढ जाती है।
- जो लोग दूसरों की मदद करने में खुशी महसूस करते हैं उनकी उम्र लंबी होती है और उन्हें कम मानसिक दबाव होता है।
- अगर आपको कोई फैसला लेने में कठिनाई आ रही है एक सिक्का हवा में उछालिए। इसके नतीजे पर आपको फैसला नहीं लेना है बल्कि जब सिक्का हवा में ही होगा आप को समझ आ जाएगा आप असलियत में क्या चाहते हैं।
- जब आप खुश होते हैं आप गाने की धुन का आनंद उठाते हैं और अगर आप दुखी होते हैं तो आप गीत के शब्दों को समझते हैं।
- नाखून को शुरूआती हिस्से से आखिरी हिस्से तक बढने में पूरे 6 महीने लगते हैं।
- अगर आप कम सोते हैं तो वजन बढने की संभावना बढ जाती है।
- अगर आप गूगल में 'Tilt' शब्द खोजेंगे तो पेज खुद थोडा झुका हुआ रहेगा।
- टूथपेस्ट को कपडों पर लगाकर सूखने तक छोडने के बाद धो देने से दाग निकल जाते हैं।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

बच्चा दादी के पास आया और बोला
दादी माँ आप टे बोल कर दिखाओ
दादी- टे
बच्चा- फिर से बोलो टे..
कितना बढिया बोलती हैं, आप मम्मी को
क्यों नहीं सुना देतीं !!
दादी- क्या मतलब तेरी मम्मी को क्यों सुनाऊँ?
वह अपनी सहेलियों से कह रही थीं,
इसकी दादी पता नहीं कब टे( बोलेंगी...

---

रमेश किसी लड़की के घर रिश्ता लेकर गया।
लड़की के मां-बाप बोले- हमारी बेटी तो अभी पढ़ाई कर रही है।
रमेश बोला -कोई बात नहीं जी, हम एक घंटे बाद आ जाएंगे।

---

चिंटू जंगल से जा रहा था...अचानक भालू देखकर सांस रोककर जमीन पर लेट गया।
भालू - अभी मुझे भूख नहीं है, वरना सारी होशियारी निकाल देता।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# एडिलेड में भारत फिर चारों खाने चित

# ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीता पिंक टेस्ट




**एडिलेड, 8 दिसंबर।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत को बॉर्डर गावस्कर सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में 10 विकेट से हराकर श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर दिया है। भारत ने दूसरी पारी में 175 रनों पर आउट होकर कंगारूओं को जीत के लिए केवल 19 रनों का टारगेट दिया था जिसको मेजबान टीम ने बगैर विकेट खोए हासिल कर लिया।

भारत ने इस डे-नाइट टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपनी पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 128 रन बना लिए थे। तीसरे दिन भारत की शुरूआत खराब रही और 7 रन बनाकर खेल रहे रविचंद्रन अश्विन को कप्तान पैट कमिंस ने एलेक्स कैरी के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद भारत को अगला झटका हर्षित राणा के तौर पर लगा जिनको कमिंस ने ख्वाजा के हाथों कैच आउट कराया। हर्षित ने 12 गेंदों का सामना किया और वह अपना खाता भी नहीं खोल सके।

इसके बाद नीतीश रेड्डी, जो दूसरे छोर पर कुछ अच्छे शॉट लगाकर खेल रहे थे, उनका विकेट भी गिर गया। पैट कमिंस ने नाथन मैकस्वीनी के हाथों कैच आउट कराकर उनकी 42 रनों की आक्रामक पारी का अंत किया। नए खिलाड़ी नीतीश रेड्डी ने अपनी पारी में 47 गेंद पर छह चौके और एक छक्का लगाया। इसके बाद आस्ट्रेलिया ने मोहम्मद सिराज को 7 रनों के स्कोर पर आउट कर भारत की पारी को 175 रनों पर समेट दिया। मोहम्मद सिराज ने आठ गेंदों का सामना किया और सात रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी में कप्तान कमिंस ने 14 ओवर में 57 रन देकर 5 विकेट लिए। स्कॉट बोलैंड ने 8.5 ओवर में 51 रन देकर 3 विकेट लिए और पहली पारी में 6 विकेट लेने वाले मिशेल स्टार्क को 14 ओवर में 60 रन देकर 2 विकेट हासिल हुए।

इस तरह से भारत की दूसरी पारी 36.5 ओवर में 175 रनों पर आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए मैच 19 रनों का लक्ष्य मिला था। इस टारगेट को कंगारूओं ने बिना किसी विकेट के केवल 3.2 ओवर में हासिल कर लिया। नाथन मैकस्वीनी ने 12 गेंदों पर नाबाद 10 और उस्मान ख्वाजा ने 8 गेंद पर 9 रनों का योगदान दिया।

ऑस्ट्रेलिया की शानदार वापसी के साथ यह सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है। भारत ने इस सीरीज का पहला मुकाबला पर्थ में 295 रनों से जीता था। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया का अपनी धरती पर डे नाइट टेस्ट मैच में अजेय रहने का रिकॉर्ड जारी है। यह पांच मैचों की सीरीज है जिसका तीसरा टेस्ट मैच 14 दिसंबर को ब्रिस्बेन के गाबा में खेला जाएगा।

मौजूदा डे-नाइट टेस्ट मैच में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की बात करें तो ट्रेविस हेड की पारी निर्णायक साबित हुई जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 141 गेंद पर 140 रन बनाए थे। हेड को इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया है। इसके अलावा मार्नस लाबुशेन ने भी 126 गेंदों पर 64 रनों का योगदान दिया था। भारत के लिए पहली पारी में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज ने चार-चार विकेट लिए थे। इससे पहले भारत की पहली पारी केवल 180 रनों पर आउट हो गई थी। भारत की किसी भी पारी में किसी बल्लेबाज ने अर्धशतक नहीं लगाया और नीतीश रेड्डी ही सर्वोच्च स्कोरर बने थे। उन्होंने पहली पारी में भी 54 गेंद पर 42 रन बनाए थे। भारत को पहली पारी में मिशेल स्टार्क ने जबरदस्त झटके दिए थे, जिन्होंने 14.1 ओवर में 48 रन देकर 6 विकेट हासिल किए थे। इसके अलावा कमिंस और बोलेंड को भी दो-दो विकेट मिले थे। भारत के लिए अपने सीनियर खिलाड़ियों की फॉर्म चिंता का विषय है। इस बार रोहित शर्मा की टीम में वापसी हुई लेकिन उन्होंने दोनों ही पारियों में रन नहीं बनाए। सीरीज के पहले टेस्ट मैच में शतक लगाने वाले विराट कोहली का बल्ला भी इस बार दोनों पारियों में खामोश रहा।

## हार के बाद रोहित शर्मा ने किया स्वीकार

## मौकों को नहीं भुना पाने का खामियाजा भुगतना पड़ा




**एडिलेड, 8 दिसंबर।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की पर्थ टेस्ट में गैरमौजूदगी के बाद वापसी अच्छी नहीं रही। एडिलेड ओवल में खेले गए डे-नाइट टेस्ट में भारत को ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से हरा दिया।

रोहित ने इस मैच में छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में तीन और दूसरी में छह रन बनाए। उनके नेतृत्व और गेंदबाजी में बदलावों पर सवाल उठे। उन्होंने खुद स्वीकार किया कि भारत ने कई मौके गंवाए, जो हार का कारण बने।

मैच के बाद रोहित ने कहा, हमारे लिए यह हफ्ता निराशाजनक रहा। हमने उतना अच्छा नहीं खेला जितना जीत के लिए जरूरी था। ऑस्ट्रेलिया ने हमसे बेहतर प्रदर्शन किया। खेल के दौरान कई ऐसे मौके आए जिन्हें हम भुना नहीं सके और यही हार की वजह बनी।

**हमने उतना अच्छा नहीं खेला जितना जीत के लिए जरूरी था।**

उन्होंने आगे कहा, पर्थ में जो हमने किया था वह खास था। यहां भी हम वही दोहराना चाहते थे, लेकिन हर टेस्ट मैच अलग चुनौती लाता है। हमें पता था कि गुलाबी गेंद के साथ यह मैच मुश्किल होगा।

लेकिन जैसा मैंने कहा, ऑस्ट्रेलिया बेहतर खेली। पांच मैचों की सीरीज अब 1-1 की बराबरी पर है। रोहित ने कहा कि टीम 14 दिसंबर से शुरू हो रहे गाबा टेस्ट के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, अगले मैच से पहले ज्यादा समय नहीं है। हमें पर्थ में किए गए अच्छे प्रदर्शन और पिछली बार गाबा में किए गए प्रदर्शन को याद रखना होगा। वहां की अच्छी यादें हैं। हर टेस्ट मैच की चुनौती को समझते हुए हमें अच्छी शुरूआत करनी होगी।

वहीं, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने तीसरे दिन सुबह के सत्र में 5 विकेट लेते हुए टीम को शानदार जीत दिलाई। उन्होंने कहा, यह हमारे लिए बेहतरीन हफ्ता रहा। पर्थ टेस्ट के बाद हम जानते थे कि हम बेहतर कर सकते हैं। इस मैच में हमने अपनी लय वापस पाई। यह जीत काफी संतोषजनक है। कमिंस ने मिचेल स्टार्क की तारीफ करते हुए कहा, स्टार्क ने पहले दिन 6 विकेट लेकर जीत की नींव रखी। वह बार-बार ऐसा प्रदर्शन करते हैं। उन्हें अपनी टीम में पाकर हम भाग्यशाली हैं। स्कॉट बोलैंड ने भी शानदार गेंदबाजी की। उम्मीद है, अगले मैच में जोश हेजलवुड भी वापसी करेंगे। कमिंस ने आगे कहा कि 10 विकेट की जीत में 152 रनों की बढ़त लेना अहम साबित हुआ और ट्रेविस हेड ने भारत के खिलाफ 140 रनों की शानदार पारी खेली। उन्होंने कहा, हेड को यहां बल्लेबाजी करना पसंद है।

## एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया की 10 विकेट की जीत के बाद पूर्व खिलाड़ियों ने कहा, 'देर से आए, लेकिन जोश के साथ आये'





**नई दिल्ली, 8 दिसंबर।** ऑस्ट्रेलिया द्वारा एडिलेड में गुलाबी गेंद से खेले गए टेस्ट मैच में 10 विकेट से जीत दर्ज करने के बाद पूर्व क्रिकेटरों ने इस पर तुरंत प्रतिक्रिया दी। वसीम जाफर ने कहा कि मेजबान टीम सीरीज में देर से आई, लेकिन जोश के साथ आई। वहीं माइकल वॉन ने कहा कि 0-1 से पिछड़ने के बाद टीम ने पलटवार करते हुए पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी।

एडिलेड में 10 विकेट की जीत ने ऑस्ट्रेलिया को पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर करने में मदद की है। दिन की शुरूआत 128/5 से करने के बाद भारत अपने ओवरनाइट स्कोर में केवल 47 रन ही जोड़ सका और 18 रन की बढ़त के साथ 175 रन पर ढेर हो गया।

ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाजों को जरूरी 19 रन बनाने में ज्यादा समय नहीं लगा और मेजबान टीम ने 10 विकेट से बड़ी जीत हासिल की, जो पर्थ में मिली शर्मनाक हार के बाद जोरदार वापसी थी। ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद जाफर ने एक्स में लिखा, देर से आए लेकिन जोश से आए। ऑस्ट्रेलिया ने अच्छा खेला, सीरीज धमाकेदार होने जा रही है।

वॉन ने 'एक्स' में कहा, ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में शानदार प्रदर्शन किया है.. पर्थ से भूमिकाएं बदल गई हैं... 1-1 और 3 बचे हैं.. इन दोनों टीमों के बीच एक बार फिर हम एक अविश्वसनीय सीरीज के लिए तैयार हैं।

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने कहा, ऑस्ट्रेलिया ने शुरूआत से ही अच्छा खेला। इस मैच में गुलाबी गेंद से खेलने का उनका अनुभव साफ दिखाई दिया, उन्होंने कहा, टीम इंडिया के लिए अभी कोई घबराहट की बात नहीं है। बहुत सारे बदलाव टीम के लिए मददगार नहीं होंगे।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक्स पर शेयर किया, खेल खत्म ! ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज बराबर कर ली है। पिछले हफ़्ते, हम एक टेस्ट मैच हार गए थे, और जाहिर तौर पर हम अब तक की सबसे खराब टेस्ट टीम थे, मार्नस लाबुशेन , जिन्होंने 126 गेंदों में 64 रन बनाए।

## हेड ने 'वेल बोल्ड' नहीं कहा था, वो झूठ है : सिराज



**एडिलेड, 8 दिसंबर।** एडिलेड टेस्ट के दूसरे दिन शतक लगा चुके ट्रैविस हेड को बोल्ड करने के बाद मोहम्मद सिराज और हेड के बीच गहमागहमी दिखाई दी। दिन के अंत में हेड पत्रकार वार्ता में आए और कहा कि उन्होंने तो बस उनको वेल बोल्ड कहा था, अगर वह इसी तरह क्रिकेट खेलना चाहते हैं तो वह उनकी मर्जी है। अब सिराज ने जवाब देते हुए कहा है कि जो भी उन्होंने कहा वह झूठ है। उन्होंने वेल बोल्ड तो बिल्कुल नहीं कहा था।

तीसरे दिन की शुरूआत से पहले ब्रॉडकास्ट पर उन्होंने हरभजन सिंह से कहा, वह बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था, लेकिन अंत में जब एक अच्छी गेंद पर बल्लेबाज छक्का मार देता है तो आपको उसका विकेट लेने का जुनून आ जाता है। मैंने जब अगली गेंद पर उसका विकेट लिया तो मैंने जश्न मनाया। जिसके बाद उसने मुझे कुछ गाली दी, लेकिन उसने पत्रकार वार्ता में कहा कि उसने वेल बोल्ड बोला, तो मैं बता देता हूं कि ऐसा कुछ नहीं है।

## गेंदबाजी योजनाओं पर विचार करने की जरूरत है : हरमनप्रीत




**ब्रिस्बेन, 8 दिसंबर।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 122 रनों से करारी हार झेलने और सीरीज गंवाने के बाद, कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि टीम को अपनी गेंदबाजी योजनाओं पर विचार करने की जरूरत है।

एलन बॉर्डर फील्ड पर धूप खिली हुई थी, लेकिन भारत की गेंदबाजी योजनाएं पूरी तरह से बेकार साबित हुईं, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने 371/8 का विशाल स्कोर बनाया। यह महिला वनडे में भारत द्वारा दिया गया अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है, जो 338/7 के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ता है, जो ऑस्ट्रेलिया ने इस साल की शुरूआत में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में बनाया था। साइमा ठाकोर के 3-62 को छोड़कर, यह भारत के लिए गेंद के साथ एक पूरी तरह से भूलने वाला दिन था। शतकवीर जॉर्जिया वोल और एलीस पेरी के साथ-साथ अर्धशतकधारी फोबे लिचफील्ड और बेथ मूनी ने आसानी से भारतीय गेंदबाजों की धुनाई की। लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा ने अपने 10 ओवरों में 1-88 रन दिए, जो अब महिला वनडे में किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे महंगे आंकड़े हैं।

**भारत की गेंदबाजी योजनाएं पूरी तरह से बेकार साबित हुईं**

भारत के लिए 372 रनों का पीछा करना हमेशा से ही चुनौतीपूर्ण रहा है, क्योंकि चोट के कारण प्रिया पुनिया बल्लेबाजी नहीं कर पाईं। ओपनर ऋचा घोष के 54 और डेब्यूटेंट मिन्नू मणि के नाबाद 46 रनों के बावजूद, भारत ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए, जिसके कारण वे 249 रन पर आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया से सीरीज हारना भारत के लिए अच्छा संकेत नहीं है, खासकर तब जब 2025 का महिला वनडे विश्व कप घरेलू धरती पर होना है। गेंदबाजी में, हमें पीछे जाकर योजनाओं के बारे में सोचना होगा। हमें कुछ और मूवमेंट की उम्मीद थी, लेकिन हमें वह यहां नहीं मिला। हमें आगे बढ़ते हुए थोड़ा और बल्लेबाजी करनी होगी और पूरे 50 ओवर खेलने होंगे। हमने कुछ 40 रन बनाए, लेकिन उसे पचास या सौ में नहीं बदल पाए। मैच समाप्त होने के बाद हरमनप्रीत ने कहा, मुझे लगता है कि बड़े स्कोर के बावजूद हमने बीच में कुछ साझेदारियां कीं।

## मोहम्मद शमी के ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट टीम से जुड़ने के लिए दरवाजे खुले हैं : रोहित शर्मा




**एडिलेड, 8 दिसंबर ।** एडिलेड में पिक बॉल टेस्ट में भारत को 10 विकेट से मिली हार के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मोहम्मद शमी की वापसी के बारे में कहा कि ऑस्ट्रेलिया में उनके लिए टीम के दरवाजे पूरी तरह से खुले हैं लेकिन वह चाहते हैं कि शमी पूरी तरह से फि ट होने के बाद ही टीम में लौटें। टीम उनको लेकर किसी तरह की जल्दबाजी में नहीं है। साथ ही रोहित ने शमी को लगी एक और चोट के बारे में बताया है। पर्थ टेस्ट में तो जसप्रीत बुमराह की बेहतरीन गेंदबाजी के कारण भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मुश्किल परिस्थिति में भी वापसी करने में सफल रही थी। लेकिन एडिलेड में ऐसा प्रतीत हुआ कि बुमराह जिस दबाव को बना रहे हैं, उसे आगे ले जाने के लिए उन्हें एक और गेंदबाज का साथ चाहिए।

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जब रोहित से शमी की उपलब्धता पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, शमी के लिए टीम के दरवाजे हमेशा से खुले हैं। हम उन्हें लगातार मॉनिटर कर रहे हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खेलते हुए, उनके घुटने में फिर से सूजन आ गई थी। उस कारण से टेस्ट मैच के खेलने के लिए वह जो तैयारी कर रहे हैं, उसको थोड़ा झटका लगा है। हम उनके साथ काफी सतर्क रहना चाहते हैं। ऐसा न हो कि उन्हें टीम में लाया जाए और फिर से उन्हें कुछ समस्या हो जाए। हम चाहते हैं कि वह पूरी तरह से फि ट होने के बाद ही टीम में लौटें। हम यह बिल्कुल नहीं चाहते कि उन पर टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए किसी तरह का दबाव डाला जाए।

रोहित ने कहा, वह काफी समय से टेस्ट क्रिकेट से दूर हैं। कुछ ऐसे पेशेवर हैं, जो लगातार उन्हें मॉनिटर कर रहे हैं। जब भी वह मैच खेलते हैं तो उसके बाद और उसके पहले भी उनकी फि टनेस को मॉनिटर किया जाता है। हम उनकी वापसी को लेकर और उनके फि टनेस के संदर्भ में काफी सतर्क रहना चाहते हैं। शमी ने नवंबर 2023 में हुए वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से भारत के लिए कोई मैच नहीं खेला है। इसके बाद फरवरी में उनके टखने की चोट के लिए सर्जरी हुई। रिकवरी के दौरान कुछ मुश्किलों का सामना करने के बाद, शमी ने इस साल नवंबर में बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी मैच में मध्य प्रदेश के खिलाफ सात विकेट लेकर मैदान पर वापसी की।

इसके बाद शमी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सात मैच खेले, जिसमें 27.3 ओवर में आठ विकेट लिए। हालांकि अभी तक यह आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया जाने की अनुमति मिली है या नहीं, लेकिन उम्मीद है कि अगर उनकी रिकवरी में और कोई बाधा नहीं आई, तो वह किसी चरण में टीम से जुड़ सकते हैं।

## जय शाह के बाद देवजीत संभालेंगे BCCI सचिव की जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ( बीसीसीआई ) के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने देवजीत सैकिया को बोर्ड का कार्यवाहक सचिव नियुक्त किया है। वह जय शाह की जगह बीसीसीआई का कामकाज संभालेंगे। बता दें कि, एक दिसंबर को जय शाह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ( आईसीसी ) के नए अध्यक्ष का पदभार संभाला था।

**बिन्नी ने किया अपनी शक्तियों का इस्तेमाल :** बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने अपनी संवैधानिक शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए देवजीत सैकिया को कार्यवाहक सचिव नियुक्त किया है। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार, जब तक स्थाई सचिव की नियुक्ति नहीं हो जाती तब तक कार्यवाहक सचिव बोर्ड की जिम्मेदारी संभाल सकता है। यह एक अस्थाई व्यवस्था है।

**अगले साल सितंबर तक संभालेंगे जिम्मेदारी :** असम के रहने वाले सैकिया पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर हैं। वह फिलहाल बीसीसीआई के संयुक्त सचिव हैं। सैकिया अगले साल सितंबर तक इस पद पर बने रहेंगे और इसके बाद स्थाई रूप से सचिव की नियुक्ति की जाएगी।

**शाह बने आईसीसी के सबसे युवा अध्यक्ष :** बीसीसीआई के पूर्व सचिव जय शाह अब आईसीसी के अध्यक्ष बन चुके हैं। उन्होंने एक दिसंबर को पदभार संभाला। जय शाह इस साल अगस्त में आईसीसी के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए थे। वह इस पद को संभालने वाले सबसे युवा अध्यक्ष हैं। शाह ग्रेग बार्कले की जगह इस पद बैठे हैं जो नवंबर 2020 से आईसीसी अध्यक्ष के तौर पर काम कर रहे थे।

## 'बुमराह दोनों छोर से गेंदबाजी नहीं कर सकते...', रोहित शर्मा

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच गंवाने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि जसप्रीत बुमराह भी इंसान हैं और हमेशा अपने दम पर पूरी गेंदबाजी का भार नहीं उठा सकते हैं। रोहित ने बुमराह का साथ देने के लिए टीम के अन्य गेंदबाजों से अपना स्तर ऊंचा करने को कहा। भारत दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से 10 विकेट से हार गया। बुमराह ने इस दौरान आस्ट्रेलिया की पहली पारी में चार विकेट लिए।

रोहित ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'जसप्रीत बुमराह अकेले जिम्मेदारी नहीं ले सकते। आप उससे दोनों छोर से गेंदबाजी करने की उम्मीद नहीं कर सकते। अन्य गेंदबाजों को भी आगे आकर जिम्मेदारी साझा करने की जरूरत है क्योंकि ऐसे भी दिन आएंगे जब बुमराह को विकेट नहीं मिलेंगे। युवा हर्षित राणा ने 16 ओवर में 86 रन लुटाए, लेकिन कप्तान एडिलेड में मिली बड़ी हार के बाद इस महज दो टेस्ट खेलने वाले इस गेंदबाज का बचाव किया।

## कांबली को लेकर सुनील गावस्कर ने कहा, उनका ख्याल रखना चाहता हूं





**नई दिल्ली।** भारत के महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने विनोद कांबली की शारीरिक और मानसिक सेहत को लेकर चिंताओं के बीच उनकी मदद करने की बात कही है। हाल ही में कांबली ने शिवाजी पार्क में दिवंगत रमाकांत आचरेकर और सचिन तेंदुलकर के सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हुए जहां कांबली को उठने, स्पष्ट रूप से बोलने और खुद को ठीक से संचालित करने के लिए भी संघर्ष करना पड़ा था। उनकी मौजूदा स्थिति को देखते हुए कई फैंस ने कांबली के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई थी। कांबली वित्तीय संकट से भी गुजर रहे हैं। एक बातचीत के दौरान गावस्कर ने खुलासा किया कि 1983 विश्व कप विजेता टीम वास्तव में कांबली की मदद करना चाहती है।

गावस्कर ने इंडिया टुडे से कहा, 'मुझे लगता है कि 1983 की विश्व विजेता टीम हमारे युवा खिलाड़ियों के प्रति बहुत सचेत है। वे हमारे बेटे की तरह हैं। हम अपने क्रिकेटरों के बारे में बहुत चिंतित हैं, खासकर जब भाग्य उनका साथ छोड़ देता है। इसलिए मुझे नहीं लगता कि यहां मदद करना शब्द सही रहेगा। '83 की टीम कांबली की देखभाल करना चाहती है और उन्हें अपने पैरों पर वापस खड़े होने में मदद करना चाहती है। हम इसे कैसे करेंगे, यह हम निकट भविष्य में देखेंगे। हम कांबली समेत उन क्रिकेटरों की देखभाल करना चाहते हैं, जिन पर भाग्य कभी-कभी कठोर हो जाता है। '83 की टीम यही करना चाहती है।'

1983 की टीम के सदस्य रहे बलविंदर सिंह संधू ने भी खुलासा किया कि उन्हें और उनके साथियों को कांबली की आर्थिक मदद करने में खुशी होगी, लेकिन ऐसा तभी होगा जब पूर्व बल्लेबाज रिहैबिलिटेशन में दाखिला लेने के लिए तैयार हों। उन्होंने टाइम्स ऑफ इंडिया से कहा, 'कपिल ने मुझे साफ तौर पर कह दिया है कि अगर कांबली रिहैबिलिटेशन के लिए जाना चाहते हैं तो हम उनकी वित्तीय मदद करने को तैयार हैं।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन


























गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कविनगर रामलीला मैदान में हिंदू संगठनों द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस में हिन्दू संगठनों ने प्रदर्शन करते हुए कार्यवाही की मांग की।




## महावत ये ब्लू हाथी है यहां अच्छों अच्छों की हांफ जाती छाती है

साईकिल वालों से खफा महावत जी हाथी पर सवार हो गये। चुनाव वाले एग्जाम में वो फेल हो गये और जमानत जब्त वालों में उनका नाम आया। दलित सबजैक्ट में वो फेल और मुस्लिम में भी फेल लेकिन बढ़िया वाला खेल उनके साथ उनकी बिरादरी वाले विषय में हुया। इसमे उन्हे डबल जीरो मिला। मगर इसके बाद भी पार्टी ने उन्हे हीरो माना और महानगर की कमान दे दी। किसी ने कहा कि हो सकता है बाकी की रकम कमान में एडजस्ट हो जाये। उधर महावत जी ने कसमें खाई कि हाथी का ही साथी रहूंगा पुराने महावत ने हंसते हुये कहा कि महावत जी भोले हैं और उन्हे पता नही है कि यहां जनवरी का महीना ऐसा होता है जब पूरा लखनऊ दिल्ली ठंड से कांपता है मगर हाथी के महावतों का सीना यहां इस ठंड में हांफता हैं। ये वो महीना है जिसमें महावतों को पसीना आ जाता है। बर्थडे आधी जनवरी को आता है और इसका कलेक्शन ही ऐसा मानों कि छोटा मोटा इलेक्शन लड़ने के बराबर हैं। पुराने महावत ने कहा कि जनवरी के बाद देखना कि नीला जज्बे वालों की छाती हांफ जाती है या हाथी का गला बैठ जाता है।

## आपने नोटिस किया कि सबको नोटिस भेजा जा रहा है

पांच बार भाजपा के टिकट पर चुनाव जीते पूर्व पार्षद त्यागी जी ने ही लैटर से बताया था कि सरकार का उददेश्य जनकल्याण पहले हैं और धन कमाना नही हैं। किसी ने नही सुना और अब सीन ये है कि कोई ऐसा नही बचा जिसे नोटिस ना भेजा जा रहा हो। जिस काम को करके ओके रिपोर्ट के बाद ठेकेदार भुगतान ले चुके अब उसके नोटिस भी आ रहे हैं। ये अतंर ही पता नही चल रहा और आरडीसी में झगड़ा अतंर का है और इस डिफेंरस का टैक्स चाहिये। अब नई लकड़ी ठेकेदारों की जान को आ गई है। जिस रायल्टी का वो भुगतान कर चुके हैं अब उनके पास नोटिस इस बात के हैं कि डिफरेंस का जुर्माना दो। काम हो चुका, भुगतान हो चुका और तीन साल पहले हुये काम के, दो साल पहले हुये काम के नोटिस आ रहे हैं। ठेकेदार हैरान और परेशान हैं क्योंकि ये एक मुश्त नही आ रहे हैं ये नोटिस हर साल के हिसाब से आ रहे हैं। रकम भी लाखों में बैठ रही है और ठेकेदारों को समझ नही आ रहें कि वो अपनी बात किस से रखें। भुगतान के लिये वो पहले ही इस दर से उस दर तक सर सर करते भटक रहे हैं और निगम में बस कमी शमशान के मुर्दो से टैक्स वसूलने की रह गई है बाकि जिन्दों से तो हर प्रकार की वसूली का इतंजाम हो ही गया है। बाजार के दुकानदारों को नोटिस हैं, ठेकेदारों को नोटिस हैं, ठेली पटरी वालों को नोटिस हैं, घरो में रहने वालों को नोटिस हैं।

## ये बात समझ ले वो मरजाणी इतने भी फूल नही है कल्याणी

जिस का टिकट कटना था उसका टिकट कट गया और जिसका फूल कटना था उसका फूल कट गया। मगर मौहल्लें वालों की समझ में ये नही आ रहा कि इस मौहल्ले वाली से लेकर उस मौहल्ले वाले तक इतनी खुशी के हल्ले क्यों हैं। इस पूरे गेम के मजे ले रहे देवतुल्य ने ही कहा कि वो जो सोच रहे हैं वो होने वाला नही है। उन्होने कहा कि उन्हे लग रहा है कि मोहर पैड उन्ही के पास आ जायेगा तो वो इस बात को समझ ले कि सीन रिपीट तो होने से रहा। उन्होने कहा कि वो मरजाणी इस बात को इतने में ही समझ ले कि जितना उन्हे समझा जा रहा है उतने भी फूल नही हैं कल्याणी। आप लिख कर रख लो नतीजे के बाद फजीते ही उनके होने हैं जो होप और स्कोप मान रहे हैं।

## निशुल्क आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के सभी देवतुल्य वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान करने के लिए रविवार को निशुल्क आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन डी 10 पटेल नगर सेकंड गजप्रस्थ डॉक्टर ओपी अग्रवाल के निवास आनंदम पर वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ भाजपा महानगर गाजियाबाद के संयोजक डॉक्टर ओपी अग्रवाल के अध्यक्षता में किया गया। आयुष्मान कैंप का उद्घाटन सदर विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक संजीव शर्मा द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन सह संयोजक पंडित अशोक भारतीय ने किया। इस अवसर पर वार्ड 19 पार्षद उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रंजीता कल्याणी को जीतने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक संजीव शर्मा, डॉक्टर ओपी अग्रवाल, पंडित अशोक भारतीय, बालकिशन गुप्ता, संदीप त्यागी रसम, राकेश गुप्ता, चौधरी मंगल सिंह, विजय पवार, पार्षद शीतल चौधरी, पार्षद हिमांशु शर्मा, कलुआ कश्यप, प्रेमलता कोरी, डॉक्टर संदीप सिंघल, सुनील त्यागी, राकेश मित्तल, सी एम पाठक, डॉ. विनोद, डॉ. रितु सिंघल, ओम दत्त त्यागी, अनिल जिंदल, अश्वनी त्यागी, नवीन अग्रवाल, डॉक्टर ज्ञानेंद्र सिंह सहित सैकडों की संख्या में निवासी उपस्थित थे। विधायक संजीव शर्मा ने सभी वरिष्ठ नागरिकों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और इस अवसर पर सैकड़ों वरिष्ठ नागरिकों ने आयुष्मान कार्ड बनवाये।






## क्या देहात वाले टू-स्टार को नहीं मिलेगी सजा

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कुछ दिनों से पुलिस को नए तबादलों व आदेशों के आने का इंतजार बताया जा रहा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कुछ दिनों पहले देहात का एक मामला काफी चर्चा में आया था। उस मामले के बाद देहात वाले एक टू-स्टार की शामत आने की बात की जा रही थी। बताया जा रहा था कि वो मोर्चा छोड़ गए थे। इसकी चर्चा को काफी समय बीत चुका है लेकिन अब तक थाने के प्रभारी टू-स्टार को लेकर कोई फैसला नहीं लिया गया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं या तो पूरा मामला मैनेज हो गया या एक थ्री-स्टार स्तर की छुट्टी और उनकी टीम को हटाकर टू-स्टार को बचा लिया गया है। पुलिस सूत्रों को कहना है भले मामला चाहे जो भी रहा हो लेकिन जिस तरीके से टू-स्टार ने पहले आदेशों को नहीं माना और फिर थाने को भी छोड़ दिया, ऐसे में करवाई तो होनी चाहिए थी। अब इसके पीछे की वजह क्या है यह तो अधिकारी ही बता सकते हैं। वैसे कुल मिलाकर इस पूरे प्रकरण में एक थ्री-स्टार को भी दोषी बनाया गया था, उनको लाइन का रास्ता दिखाया गया था। उनके साथ काम करने वाली पुलिसकर्मियों की टीम को भी कुछ दिनों बाद लाइन के दर्शन कराए गए थे। अब चर्चा हो रही है कि अब ऐसी क्या वजह है जो टू-स्टार को बचाया गया था और पहले जब उसपर इतनी नाराजगी थी, तो अब मामला मौन क्यों हो रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि इस पूरे मामले में देहात वाले साहब की रिपोर्ट से क्षमा मिलने की जानकारी मिल रही है। तो वहीं कमिश्नरेट में थोड़ा मामला है, यह वाला शांत भी बताया जा रहा है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों ने जानकारी दी है कि कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम से कुछ और टू-स्टार कमिश्नरेट से बाहर जाने के लिए लैटर लिख चुके हैं। वह कक्ष में उपस्थित हो चुके हैं, तो वहीं उनका अब यहां से रवानगी का आदेश जारी होने का इंतजार है। दरअसल है क्या की 2015 बैच के कई उपनिरीक्षक पास वाले कमिश्नरेट से लेकर पास वाले जिले में पहुंच चुके हैं। कुछ को चौकी का जिम्मा मिल गया है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद सिस्टम में कुछ अपने प्रयास जारी रखे हुए हैं। तो वहीं सूत्र यह बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में जल्द ही कुछ सूचनाएं और समाचार टू-स्टारों को लेकर बाहर आने वाले हैं। देखना होगा किसको सजा और मजा मिलता है।




## बांग्लादेशी हिंदुओं की रक्षा करना हमारा लक्ष्य : बीके शर्मा हनुमान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद कवि नगर रामलीला मैदान विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि अब इसमें कोई संदेह नहीं कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की तरह वहां की सेना की भी इसमें दिलचस्पी नहीं कि अतिवादी तत्वों पर लगाम लगे और हिंदुओं एवं अन्य अल्पसंख्यकों पर हमलों का सिलसिला बंद हो। यह बांग्लादेश सरकार की ढिठाई ही है कि वह हिंदुओं पर हमलों के मामले में अंतरराष्ट्रीय चिंताओं की भी परवाह नहीं कर रही है। बांग्लादेशी हिंदुओं की रक्षा करना हमारा दायित्व बनता है।




परमार्थ सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन वी के अग्रवाल ने बताया कि भारत को बांग्लादेश से दो टूक कहना चाहिए कि बांग्लादेशी हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की जान-माल पर खतरा उसका आंतरिक मामला नहीं हो सकता और इसलिए नहीं हो सकता, क्योंकि वे अविभाजित भारत के ही नागरिक हैं। यह लज्जा की बात है कि नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद युनूस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार न तो अपने यहां के अल्पसंख्यकों पर हमले रोक पा रही है और न ही उन चरमपंथी और जिहादी तत्वों पर लगाम लगा पा रही है, जो भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानबाजी करने में लगे हुए हैं। इन तत्वों का दुस्साहस इतना अधिक बढ़ा हुआ है कि वे भारत को धमकियां दे रहे हैं। यह तभी संभव है, जब उन्हें सरकार और सेना का संरक्षण मिल रहा हो।

## उत्थान फाउंडेशन के बढ़ते कदम की नई पहल

### इंग्लिश स्पीकिंग के साथ अब कैलीग्राफी क्लास भी

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा के नए आयाम देने के उद्देश्य से उत्थान फाउंडेशन द्वारा संचालित बढ़ते कदम योजना के अंतर्गत एक और पहल की शुरूआत हुई है। निःशुल्क इंग्लिश स्पीकिंग क्लासेस के साथ अब कैलीग्राफी क्लासेस भी शुरू की गई हैं। उत्थान फाउंडेशन द्वारा मई 2024 से हर रविवार आयोजित हो रही इंग्लिश स्पीकिंग क्लासेस ने बच्चों के आत्मविश्वास और कौशल में उल्लेखनीय सुधार किया है। अब, बच्चों की रचनात्मकता और लेखन कला को निखारने के लिए रविवार से कैलीग्राफी क्लासेस का भी शुभारंभ किया गया है। संस्था की संस्थापक सचिव डॉ0 सोनिका जैन ने कहा की हर बच्चे में कुछ विशेष है। उन्होंने बताया इंग्लिश स्पीकिंग की क्लासेज अलका चौधरी, कविता गुप्ता व रिंकी कंसल लेती है। वहीं अब कैलीग्राफी लक्षिता मल्होत्रा सिखाएंगी।



## दयाल पब्लिक स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रोटरी गाजियाबाद नॉर्थ एवं वरदान मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल द्वारा संयुक्त रूप से एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दयाल पब्लिक स्कूल, विजय नगर, गाजियाबाद में रविवार को किया गया। इस शिविर में लगभग 310 रोगियों की जांच की गई। सभी की निःशुल्क रक्त और शुगर जांच की गई। इस अवसर पर वरदान हॉस्पिटल की ओर से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपस्थित रही, जिसमें दंत चिकित्सक, नेत्र रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, श्वास रोग विशेषज्ञ एवं परामर्श चिकित्सक शामिल थे। डॉक्टरों ने रोगियों को जांच के बाद दवाइयां लिखकर दीं, जो रोटरी गाजियाबाद नॉर्थ की ओर से निःशुल्क वितरित की गईं। शिविर के लिए आवश्यक निःशुल्क दवाइयों की व्यवस्था रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष रो रजत गुप्ता द्वारा प्रायोजित की गई। शिविर के प्रोजेक्ट चेयरमैन रो के डी एस जग्गी का इस आयोजन में विशेष सहयोग रहा। उनके कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन के लिए क्लब की ओर से विशेष आभार प्रकट किया गया।

रोटरी गाजियाबाद नॉर्थ के अध्यक्ष रो सचिन गुप्ता ने सभी उपस्थित सदस्यों, रो रजत गुप्ता, प्रोजेक्ट चेयरमैन रो के डी एस जग्गी, और वरदान मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल की टीम का धन्यवाद प्रकट किया। शिविर में रोटरी क्लब की ओर से निम्न सदस्य उपस्थित रहे और अपना सहयोग दिया। सचिव रो प्रमोद गोयल, रो मुकुल गुप्ता, रो अनुपम जैन, रो पवन कोहली, रो राकेश जिंदल, रो रजत जिंदल, रो मुकेश अग्रवाल, रो संजय जैन, रो शिशिर अग्रवाल, रो वैभव गोयल, रो मनीष वशिष्ठ, रो पियूष गुप्ता, रो संयम तलवार। एनीज की ओर सेः एनी सतविंदर कौर, एनी कल्पना गुप्ता, एनी शोभिना गुप्ता, एनी नीलू गोयल, एनी अंजू तलवार, एनी रावी जैन, और एनी कंचन अग्रवाल ने भी विशेष योगदान दिया।



वरदान मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल की ओर सेः डॉ हिमांशी भारद्वाज, डॉ राहुल देव, डॉ पंकज, डॉ मनीषा शर्मा, डॉ सभा राजपूत, विक्रांत, दीपक गोयल, पूजा और वरदान की मेडिकल टीम ने सक्रिय योगदान दिया। उनके प्रयासों के लिए विशेष धन्यवाद दिया गया। रोटरी गाजियाबाद नॉर्थ और वरदान हॉस्पिटल के इस सामूहिक प्रयास ने समाजसेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

# हेग की रिहायशी इमारत में तेज धमाका कई के मलबे में दबे होने की आशंका

## अब तक पांच लोग निकले है जिनकी हो चुकी है मौत

**हेग ।** नीदरलैंड्स के हेग शहर में एक रिहायशी इमारत में हुए तेज धमाके में पांच लोगों की मौत की खबर है। इमारत के मलबे में भी लोगों के दबे होने की आशंका है। हादसे में मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। धमाका शनिवार सुबह करीब छह बजे (स्थानीय समयनुसार) हुआ। धमाके के बाद इमारत में आग लग गई।

### कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका

नीदरलैंड्स की जांच एजेंसियों ने बताया कि धमाके और आग की चपेट में आकर पांच अपार्टमेंट्स प्रभावित हुए हैं। पुलिस ने घटना को लेकर लोगों से जानकारी देने की अपील की है। दरअसल ऐसा कहा जा रहा है। धमाके के बाद एक कार तेजी से वहां से गुजरी थी। ऐसे में पुलिस को आशंका है कि इस कार का धमाके के साथ कोई संबंध हो सकता है। हेग के मेयर ने बताया कि मलबे में लोगों के दबे होने की आशंका है और हालात को देखते हुए उनके जीवित बचने की कम ही उम्मीद है। राहत और बचाव कार्य दल के लोग खोजी कुत्तों के साथ घटनास्थल की जांच कर रहे हैं। आग लगने के बाद इमारत काफी कमजोर हो गई है और उसके ढहने की आशंका है, जिसके चलते इमारत में मौजूद अन्य 40 अपार्टमेंट्स को भी खाली करा लिया गया है। नीदरलैंड्स के प्रधानमंत्री ने घटना पर दुख जताया है ।





# जिस रक्षा मंत्री से राष्ट्रपति यून ने लगवाया मार्शल लॉ, अब उसी को करवाया गिरफ्तार

**नई दिल्ली ।** दक्षिण कोरिया में हाल ही में एक बड़ा राजनीतिक संकट देखने को मिला। राष्ट्रपति यून सुक योल ने बुधवार को मार्शल लॉ (सैन्य शासन) घोषित कर दिया, यह आरोप लगाते हुए कि विपक्ष देश की लोकतंत्र और स्थिरता के लिए खतरा बन रहा है। यह निर्णय देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चौंकाने वाला था, क्योंकि यह चार दशकों में पहली बार था जब दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ लगाया गया। सेना ने संसद को चारों ओर से घेर लिया और सियोल की सड़कों पर सैनिक तैनात कर दिए गए।

हालांकि, कुछ ही घंटों बाद, राष्ट्रपति यून सुक योल ने इस निर्णय को वापस ले लिया। यह कदम जनता के विरोध और नेशनल असेंबली की कड़ी आलोचना के बाद लिया गया। दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ केवल लगभग छह घंटे चला।



**मार्शल लॉ के फैसले में भूमिका के लिए रक्षा मंत्री गिरफ्तार :** इसके बाद राष्ट्रपति यून ने अपने रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। अब उन्हें मार्शल लॉ के फैसले में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार कर लिया गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, किम योंग-ह्यून पर यात्रा प्रतिबंध भी लगा दिया गया है और मामले की जांच चल रही है। वहीं रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को तीन वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को भी निलंबित कर दिया, जो इस ऑपरेशन में शामिल थे।

दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने मार्शल लॉ ऑपरेशन में शामिल तीन वरिष्ठ कमांडरों को निलंबित कर दिया है, जिसके तहत सैनिकों को संसद में तैनात किया गया था।

### राष्ट्रपति पर महाभियोग प्रस्ताव रहा विफल

मार्शल लॉ के कारण विपक्षी पार्टियों ने राष्ट्रपति यून पर महाभियोग लगाने का प्रयास किया। हालांकि, यह प्रस्ताव असफल हो गया क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी के ज्यादातर सांसदों ने वोटिंग का बहिष्कार किया। देश में महाभियोग के लिए 300 सीटों वाली संसद में 200 वोटों की आवश्यकता थी, लेकिन विपक्ष के पास केवल 192 सीटें थीं। सत्तारूढ़ पार्टी के केवल तीन सांसदों ने वोटिंग में भाग लिया, जिससे प्रस्ताव खारिज हो गया।

# ताइवान की समुद्री सीमा के पास पहुंचे कई चीनी नौसैनिक जहाज; जवाबी कार्रवाई में मिसाइल सिस्टम तैनात

**नईदिल्ली ।** ताइवान जलडमरूमध्य तनाव का केंद्र बना हुआ है, इसी बीच चीन के कई नौसैनिक जहाज और विमान ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी एडीआईजेड क्षेत्र घुस गए हैं। इसकी जानकारी साझा करते हुए बताया है कि उसने रविवार को सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) तक ताइवान के आसपास सात चीनी सैन्य विमान, 14 नौसैनिक जहाज और तीन आधिकारिक जहाजों का पता लगाया है।



ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) के अनुसार, सात पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) विमानों में से छह विमान ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार करके ताइवान के उत्तर, दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में घुस गए। वहीं चीन की कार्रवाई के जवाब में, ताइवान ने विमान और नौसैनिक जहाज भेजे और पीएलए गतिविधि पर नजर रखने के लिए तटीय-आधारित मिसाइल सिस्टम तैनात किए।

### छह विमान मध्य रेखा को पार कर एडीआईजेड में घुसे

सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए, एमएनडी ने लिखा, आज सुबह 6 बजे (यूटीसी+8) तक ताइवान के आसपास सात पीएलए विमान, 14 पीएलएएन जहाज और तीन आधिकारिक जहाजों का पता चला। इनमें से छह विमान मध्य रेखा को पार करके ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी एडीआईजेड क्षेत्र में घुस गए। हमने स्थिति पर नजर रखी और उसी के अनुसार कार्रवाई की।

# पेरिस में ट्रंप का भव्य स्वागत, मैक्रों-जेलेंस्की से मुलाकात, संबंधों को पटरी पर लाने की कवायद

**नई दिल्ली ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों के साथ उनकी मुलाकात से ऐसा लगता है जैसे दुनिया इस समय थोड़ी बेचैन हो रही है। ट्रंप ने कहा कि हम इसके बारे में बात करेंगे। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अपने पहले विदेशी दौरे पर ट्रंप फ्रांस पहुंचे, जहां मैक्रों ने उनका भव्य स्वागत किया।

इस दौरान मैक्रों ने ट्रंप से कई बार हाथ मिलाए। ट्रंप ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि हमारी मुलाकात से दुनिया थोड़ी हिली हुई है और इस बारे में हम बात करेंगे। ट्रंप ने अपने शानदार स्वागत के लिए फ्रांसीसी राष्ट्रपति का धन्यवाद दिया।



> **फ्रांस में ट्रंप की यात्रा 2019 में विनाशकारी आग के पांच साल बाद 'नोट्रे डेम कैथेड्रल' को फिर से खोलने के वैश्विक उत्सव का हिस्सा है। कैथेड्रल समारोह में शामिल होने के बाद ट्रंप राष्ट्रपति पैलेस पहुंचे। अमेरिकी नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शनिवार को एलिसी पैलेस में भव्य स्वागत किया**

**जेलेंस्की को रूस-यूक्रेन युद्ध को शीघ्र समाप्त करवाने का वादा :** दरअसल ट्रंप के पहले कार्यकाल में दोनों नेताओं के बीच रहे तनाव के बावजूद उन्होंने मैक्रों से अपने रिश्ते की तारीफ की और कहा कि सभी जानते हैं कि हमारे बीच शानदार रिश्ते हैं। इस दौरान उन्होंने यूक्रेन के प्रधानमंत्री वोलोदिमीर जेलेंस्की से भी मुलाकात की। उन्होंने जेलेंस्की को रूस-यूक्रेन युद्ध को शीघ्र समाप्त करवाने का वादा किया। राष्ट्रपति मैक्रों के कार्यालय ने कहा कि मैक्रों-ट्रंप-जेलेंस्की मुलाकात के दौरान रूस-यूक्रेन युद्ध के अलावा पश्चिम एशिया के ताजा हालात पर भी बातचीत हुई। विशेषज्ञों के अनुसार जेलेंस्की की यह यात्रा ट्रंप को रूस के आक्रमण के विरुद्ध यूक्रेन को दी जा रही मदद जारी रखने के लिए राजी करने का प्रयास है।

# बहरीन पहुंचे एस. जयशंकर, मनामा डायलॉग में होंगे शामिल द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की होगी समीक्षा

**नई दिल्ली ।** भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर मनामा डायलॉग में हिस्सा लेने के लिए बहरीन के मनामा पहुंच गए हैं। उनका स्वागत बहरीन के विदेश मंत्री ने किया। इसे लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी साझा की है। उन्होंने लिखा, 'आज शाम मनामा पहुंचकर बहुत खुशी हो रही है। अपने भाई विदेश मंत्री डॉ. अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल जायनी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। कल मनामा डायलॉग में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं। मुझे विश्वास है कि हमारा उच्च संयुक्त आयोग बहुत ही उत्पादक होगा।'



विदेश मंत्री अपनी यात्रा के दूसरे चरण के तहत बहरीन की यात्रा कर रहे हैं। वे 8 से 9 दिसंबर तक बहरीन में रहेंगे, जहां वे बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल जायनी के साथ चौथे भारत-बहरीन उच्च संयुक्त आयोग (एचजेसी) की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस मंत्रिस्तरीय बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की जाएगी और भारत और बहरीन के बीच बहुआयामी संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी।

> **मनामा डायलॉग के 20वें संस्करण में लेंगे हिस्सा**
>
> विदेश मंत्री 8 दिसंबर को बहरीन में आईआईएसएस मनामा डायलॉग के 20वें संस्करण में भी भाग लेंगे। इस वर्ष मनामा डायलॉग का विषय है 'क्षेत्रीय समृद्धि और सुरक्षा को आकार देने में मध्य पूर्व का नेतृत्व।' भारत और बहरीन के बीच सौहार्दपूर्ण राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच संपर्कों की विशेषता वाले उत्कृष्ट द्विपक्षीय संबंध हैं।

दोनों देशों के बीच कई उच्च स्तरीय बातचीत हुई है जो दोनों देशों के बीच संबंधों की निकटता को दशार्ती है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बहरीन भारत के साथ अधिक से अधिक आर्थिक जुड़ाव की तलाश करने का इच्छुक है क्योंकि बहरीन बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के महत्व और क्षमता को पहचानता है और हाल के दिनों में इसकी पूर्व की ओर देखो नीति में भारत एक प्रमुख धुरी के रूप में है।

दोनों देशों के बीच सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सहयोग है। दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंध फल-फूल रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बहरीन में 3 लाख से अधिक भारतीय नागरिक रहते हैं।

# रूस से तेल खरीदना भारत के लिए सस्ता सौदा नहीं जयशंकर ने बताई दोस्ती कायम रखने की वजह

**नई दिल्ली ।** रूस-यूक्रेन के बीच पिछले ढाई वर्षों से संघर्ष जारी है। इस संघर्ष के बीच पश्चिम देशों ने यूक्रेन का समर्थन करते हुए रूस का बहिष्कार किया। हालांकि, इस मामले में भारत ने रूस के साथ अपनी दोस्ती बरकरार रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में रूस का दौरा किया था। इसके साथ ही भारत ने रूस से तेल खरीदना भी जारी रखा। रूस से तेल खरीदने को लेकर शनिवार को जब विदेश मंत्री एस. जयशंकर से सवाल किया गया, तो उन्होंने इसका करारा जवाब दिया। उन्होंने पूछा कि क्या विश्व के पास भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने का कोई बेहतर विकल्प है? उन्होंने यह बयान 22वें दोहा फोरम के पैनल नए युग में संघर्ष समाधान के दौरान दिया।



रूस से तेल खरीदने के फैसले का बचाव करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि रूस से तेल खरीदना भारत के लिए सस्ता सौदा नहीं है। यह देश में ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने का एक समझौता है। उन्होंने कहा, हम तेल खरीदते हैं। यह सच है, लेकिन यह सस्ता नहीं है। क्या आपके पास इससे बेहतर डील है? बता दें कि रूस भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बन चुका है।

### रूस-यूक्रेन संघर्ष पर जयशंकर ने दी प्रतिक्रिया

रूस-यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष पर प्रतिक्रिया देते हुए जयशंकर ने बताया कि इस युद्ध को युद्धभूमि पर नहीं सुलझाया जा सकता है। उन्होंने कहा, दोनों पक्षों को संघर्ष छोड़कर वार्ता की मेज पर लौटना होगा। भारत इसे संभव बनाने के लिए प्रयास कर रहा है। विदेश मंत्री ने आगे कहा, हम रूस जाते हैं तो राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करते हैं। जब यूक्रेन जाते हैं तो वोलोदिमीर जेलेंस्की से बात करते हैं। हम दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति के सूत्र तलाशने की कोशिश कर रहे हैं।

जयशंकर ने यह स्पष्ट किया कि रूस-यूक्रेन की युद्ध में भारत मध्यस्थता का काम नहीं कर रहा।

# पेरिस के आर्कबिशप की दस्तकों के बाद खुला ऐतिहासिक चर्च, 2019 अग्निकांड के बाद हुआ था बंद

**नई दिल्ली ।** नोट्रे डेम कैथेड्रल को आज फिर से जनता के लिए खोला गया। यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के बहाली और पुनर्निर्माण के बाद आधिकारिक उद्घाटन से पहले, इस ऐतिहासिक स्थल की झलक पेश की गई। 900 साल पुरानी इस इमारत के पुनर्निर्माण में हजारों वास्तुकारों और कारीगरों ने काम किया। नोट्रे डेम के उद्घाटन में कई देशों के प्रमुख और प्रमुख गणमान्य लोग शामिल होंगे, जिनमें नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूके के प्रिंस विलियम आदि भी शामिल हैं। वहीं, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने नोट्रे डेम कैथेड्रल को बचाने, मदद करने और पुनर्निर्माण करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पेरिस के आर्कबिशप लॉरेंट उलरिच ने नोट्रे डेम के दरवाजे पर तीन बार दस्तक दी, जो आधिकारिक तौर पर कैथेड्रल के फिर से खुलने का प्रतीक है।




लगभग पांच साल पहले, फ्रांस के प्रसिद्ध नोट्रे डेम कैथेड्रल में भीषण आग लगी थी। अप्रैल 2019 में लगी आग ने छत का अधिकांश हिस्सा नष्ट कर दिया था। 12वीं शताब्दी की गॉथिक शैली की कृति का शिखर गिर गया था। इस आग के पीछे का कारण शॉर्ट सर्किट माना गया था। साथ ही आग को बुझाने में लगभग 400 फायर फाइटर्स को 15 घंटे कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी।

शिखर के अलावा, कैथेड्रल के अंदर कुछ अवशेष और कला भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं, हालांकि, घंटाघर और अग्रभाग सुरक्षित रहे। उसी साल, 1803 के बाद पहली बार कैथेड्रल में क्रिसमस मास का आयोजन नहीं हुआ था। राष्ट्रपति मैक्रों ने पांच साल में फिर से चर्च बहाली का वादा किया था ।

# सीरिया के चार शहरों पर विद्रोहियों का कब्जा इस्राइल को युद्ध का एक और मोर्चा खुलने का डर

**तेल अवीव ।** सीरिया में विद्रोहियों के लगातार मजबूत होने और बशर अल असद सरकार के कमजोर पड़ने के बाद इस्राइल को एक और युद्ध का मोर्चा खुलने का डर सता रहा है। दरअसल सशस्त्र बलों ने गोलन हाइट्स इलाके में बफर जोन में प्रवेश कर लिया है और उनके द्वारा संयुक्त राष्ट्र के पर्यवेक्षक बलों पर हमले किए जा रहे हैं। इस्राइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने इस्राइल-सीरिया पर बढ़ रहे तनाव पर चिंता जाहिर की। इस्राइल को गोलन हाइट्स इलाके में मौजूद अपने लोगों की सुरक्षा के लिए चिंता हो रही है।

### इस्राइली विदेश मंत्री ने हालात पर जताई चिंता

सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में इस्राइली विदेश मंत्री ने लिखा कि 'पिछले 24 घंटे में सशस्त्र बलों ने इस्राइल के साथ लगती सीमा के बफल जोन में प्रवेश कर लिया है। क्षेत्र में मौजूद संयुक्त राष्ट्र पर्यवेक्षक बलों पर हमले किए जा रहे हैं। इस्राइल और सीरिया के बीच साल 1974 में हुए विघटन समझौते के उल्लंघन को लेकर इस्राइल चिंतित है, इससे गोलान हाइट्स इलाके में रहने वाले इस्राइली नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो गया है। इस्राइल सीरिया के आंतरिक संघर्ष में हस्तक्षेप नहीं करेगा।'



### सीरिया के चार शहरों पर विद्रोहियों का कब्जा

सीरिया के विद्रोही समूह के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल हसन अब्दुल गनी ने रविवार को कहा कि सीरिया के चार शहरों दारारा, कुनेत्रा, सुवेदा और होम्स पर उनका कब्जा हो गया है और अब उनका ध्यान राजधानी दमिश्क पर कब्जा करने पर है। वहीं विद्रोहियों का दबदबा मजबूत होने के बाद राष्ट्रपति बशर अल असद के परिवार के सीरिया छोड़कर रूस जाने की चर्चा है।

इस्राइली सेना ने चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट-जनरल हर्जी हलेवी ने शनिवार रात को कहा कि इस्राइल रक्षा बल (कक्र्र) किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार है। फिलहाल हम हालात पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस्राइल का सीरिया के गृहयुद्ध में हस्तक्षेप का कोई इरादा नहीं है।

एक दिन पहले, सेना ने पुष्टि की कि इस्राइली सेना गोलान हाइट्स में विद्रोहियों के हमले को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिकों की मदद कर रही है।

# गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग एवं लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी की जनता को दी 2 करोड़ 26 लाख के विकास कार्य की सौगात

## सांसद एवं विधायक ने लोनी के सर्वांगीण विकास का दोहराया संकल्प, कहा विकास के पथ पर अग्रसित है लोनी





लोनी, करंट क्राइम। गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग और लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी की जनता को 2 करोड़ 26 लाख की लागत से निर्मित पावी गेट से खड़खड़ी फाटक तक सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह भाजपा पदाधिकारी, स्थानीय सभासद एवं भाजपा नेता अनिल चौधरी समेत सैकड़ों की संख्या में स्थानीय व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### पावी गेट से खड़खड़ी फाटक तक आवागमन हुआ सुगम, जनता ने जताया आभार

**करंट क्राइम।** सांसद अतुल गर्ग ने कहा लोनी के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है भाजपा, विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बदली है लोनी की तस्वीर। नगरपालिका लोनी एवं ग्रामीण क्षेत्र को जोड़ने वाले पावी एवं खड़खड़ी फाटक के बीच महत्वपूर्ण सड़क मार्ग के उद्घाटन के दौरान स्थानीय जनता ने सांसद अतुल गर्ग और विधायक नंदकिशोर गुर्जर का आभार जताया। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद अतुल गर्ग का स्थानीय लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया। सांसद अतुल गर्ग ने इस दौरान उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए कहा आज गाजियाबाद विकास के पथ पर अग्रसित है। लोनी में सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, कानून-व्यवस्था, पेयजल, सीवरेज व जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन आज लोनी में चर्चा का विषय है। लोनी के लोगों ने लोकसभा चुनाव में जो आशीर्वाद दिया है वो व्यर्थ नहीं जाएगा और हमने लोनी के विकास के लिए कार्य शुरू कर दिया है। बहुत जल्द लोनी अन्य एनसीआर के विधानसभा की तरह विकसित विधानसभा में शामिल होगा।

### लोनी का सर्वांगीण विकास है मेरा एकमात्र लक्ष्य : नंदकिशोर गुर्जर

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में शामिल विशिष्ट अतिथि लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सांसद अतुल गर्ग का लोनी आगमन पर स्वागत करते हुए कहा यह हमारे लिए अच्छी बात है कि सांसद जी लोनी से विशेष लगाव रखते हैं और लोनी के विकास के लिए हरसम्भव प्रयास कर रहे हैं। लोनी में बिजली, सड़क, चिकित्सा, शिक्षा, कानून व्यवस्था की स्थिति में आज अभूतपूर्व सुधार हुआ है जिसकी साक्षी लोनी की जनता है जिसने मुझे पुनः अपनी सेवा करने का आशीर्वाद प्रदान किया। लोनी एक हाईटेक सिटी बने इसके लिए बृहद स्तर योजना तैयार की जा रही है। बड़ी समस्याओं में शामिल चाहे बेहटा बन्द फाटक का समाधान हो या फिर बेहटा नहर इसके लिए आज गंभीरता से कार्य हो रहा है। लोनी विकास के पथ पर अग्रसित है। भाजपा की नीतियों और विकास के प्रति मेरी प्रतिबद्धता पर जनता का विश्वास है।

# बढ़ती ठंड को देखकर नगर आयुक्त ने गोवंशों हेतु पुख्ता कराये इंतजाम, निगम गौशाला में लगाई गई तिरपाल

## 1926 गोवंशों का निगम रख रहा है विशेष ध्यान : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम के समस्त विभाग जन समस्याओं के समाधान में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए नंदी पार्क गौशाला में भी इंतजाम को पुख्ता कराया है जिसमें शीत लहर से बचने के लिए तिरपाल की व्यवस्था कराई गई है। गोवंशों के लिए प्रतिदिन के खाने-पीने की व्यवस्था तथा नहाने की व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। हरे चारे के साथ-साथ गुड़ की मात्रा को भी बढ़ाया गया है। नहाने के लिए ताजा पानी की व्यवस्था को बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। ठंड से गोवंशों को बचाव के लिए सभी कार्यों को सुचारु कराया जा रहा है। डॉ. अनुज मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया ठंड के महीने में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा गोवंशों का ध्यान रखा जा रहा है। 1926 गोवंश गाजियाबाद नगर निगम की गौशाला में रह रहे हैं जिसमें नंदी पार्क में 988 नंदी तथा 938 गाय नंदिनी पार्क में है। ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था भी कराई जाएगी। नगर आयुक्त के निर्देशानुसार गौशाला में कार्य कर रहे कर्मचारियों का भी विशेष ध्यान रखते हुए उनके रहने वाले स्थान पर आवश्यकता अनुसार बिस्तरों की संख्या को भी बढ़ाया गया है। गाजियाबाद नगर निगम के अलावा अन्य श्रद्धालुओं द्वारा गोवंशों के लिए ठंड से बचाव हेतु स्वेच्छा से अपना योगदान भी दिया जा रहा है जो की सराहनीय है।

### शिलान्यास



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रविवार को लोकसभा क्षेत्र गाजियाबाद के अंतर्गत विधानसभा मुरादनगर के दुहाई से पतला मार्ग तक सड़क निर्माण का शिलान्यास किया। इस अवसर पर गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग, मुरादनगर के विधायक अजीतपाल त्यागी व ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी सहित स्थानीय निवासी मौजूद रहें।

### मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गुरुदेव सुधांशु महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए भाजपा के प्रदेश संयोजक अजय शर्मा।

## उपेंद्र गोयल को एआईएमओ का अध्यक्ष चुने जाने पर संजीव गुप्ता ने दी बधाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल उद्योग मंच के प्रदेश अध्यक्ष और सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने उपेंद्र गोयल को भारतीय निर्माता संघ का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी है। उत्तर प्रदेश के मेरठ रोड स्थित कार्यालय में अध्यक्ष के चुनाव में उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रसिद्ध उद्यमी उपेंद्र गोयल को निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर संजीव कुमार गुप्ता ने बधाई देते हुए कहा कि उपेन्द्र गोयल के अध्यक्ष चुने जाने पर संगठन को बहुत बल मिला है। क्योंकि वह बहुत ही सुलझे हुए और दूरदर्शी एवं ऊर्जावान व्यक्तित्व के धनी हैं तथा उनका निर्विरोध चुना जाना उनकी लोकप्रियता को दर्शाता है। अखिल भारतीय निर्माता संघ उत्तर प्रदेश का सबसे पुराना औद्योगिक संगठन है जिसके अध्यक्ष पद पर पूर्व में अनेक प्रतिष्ठित उद्योगपति रह चुके हैं। संजीव कुमार गुप्ता ने आशा व्यक्त की है कि उपेन्द्र गोयल के नेतृत्व का उद्योग जगत को बहुत लाभ प्राप्त होगा। क्योंकि आज के समय हमें ऐसे ही ऊर्जावान नेतृत्व की आवश्यकता होती है और उपेन्द्र गोयल इस जिम्मेदारी का बहुत ही शानदार और सफलता पूर्वक निर्वहन करेंगे।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में कवि नगर से आयोजित रैली में शामिल होने के लिए पहुंचे पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा गाजियाबाद के नेता डीडी यादव सैकड़ों समर्थकों के साथ।




विरोध

### निशुल्क आयुष्मान कार्ड कैंप






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान भारत से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में 70+वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान कार्ड बनवा रहे हैं। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष और भाजपा नेता विनीत शर्मा ने बताया, लगातार हमारे द्वारा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड कैम्प में पधारे दिनेश कुमार गोयल अध्यक्ष राजनगर आरआरडब्ल्यू ए, दीपक कांत गुप्ता पूर्व अध्यक्ष राजनगर आरआरडब्ल्यूए, अमरीश त्यागी सचिव ,दीपक कुमार मित्तल समाजसेवी, महेश आहूजा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवसेना, पंडित बीडी शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतवर्षीय से ब्राह्मण महासभा, बीके हनुमान राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा, आरके जैन पूर्व अध्यक्ष, संतोष अग्रवाल अध्यक्ष राजनगर वैश्य परिवार, डी डी अग्रवाल पूर्व कोषाध्यक्ष, नीरज त्यागी भाजपा नेता, अभिजीत मुखर्जी नेता, आर एन राम मोर्चा मंडल अध्यक्ष, श्रीचंद चौहान मंत्री सोशल अवेयरनेस सोसाइटी,आर सी शर्मा उपाध्यक्ष, अनूप सिंह सदस्य, मनीष मित्तल भाजपा नेता, गोल्डी सहगल मीडिया प्रभारी,अजय राघव सदस्य,किशोर कुमार सदस्य, जुगनू ठाकुर ,बिटिया प्राजक्ता सिंघल, एडवोकेट रेनू भारती, डॉ अनिल कुमार बैसला , राजेश्वर यादव, सी पी सिंह आदि मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। संस्था के सोशल मीडिया प्रभारी संजीव गुप्ता ने बतलाया संस्था यह सेवा निरंतर जारी रखेगी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरफ्तार, कई लोगों से लाखों ठगे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है जो अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कम पढ़े लिखे लोगों को टारगेट किया करता था। यह उन लोगों को भरोसा दिलवाता था कि वह उनको प्रधानमंत्री आवास योजना या फिर काशीराम आवास योजना में मकान दिलवा देगा। आरोपी फर्जी दस्तावेज तैयार करता था साथ ही लोगों को मकान के फर्जी आवंटन पत्र भी तैयार करके दिया करता था। गाजियाबाद की थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने अशोक पुत्र मोती पासवान निवासी सुदामा पुरी को गिरफ्तार किया है। अशोक अपनी ठगी का पता चलने पर मकान बेचकर फरार हो गया था। पुलिस के मुताबिक अशोक अपने अन्य साथियों के साथ ऐसी बस्तियों में रहने वाले लोगों को टारगेट किया करता था जो कम पढ़े लिखे हैं।

### मकान दिलाने के नाम पर पैसे लेता था

उनको अशोक और उसकी गैंग काशीराम या फिर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिलाने के नाम पर पैसे लिया करता था। उसके बाद यह लोग उनके फर्जी कागज बनाते और कई लोगों को तो फर्जी मकान के आवंटन पत्र भी तैयार करके दे देते थे। लोगों पर इसका भरोसा हो गया था। इन लोगों ने कई लोगों से ऐसे पैसे हड़पे थे। लेकिन धीरे-धीरे जब लोगों को पता चला कि उनके साथ ठगी हो रही है तो अशोक अपना मकान बेचकर फरार हो गया था। पुलिस ने अशोक को गिरफ्तार कर लिया है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार का कौन सा होटल वाला बनना चाहता है मंडल अध्यक्ष? वो चाहता है वो भी भरे मंडल अध्यक्ष वाला पर्चा? सुना है उसने होटल में बुलाए कई भाजपाई? सुना है उनसे होटल वाले ने मन की बात बताई? जब किया होटल वाले ने खाने पीने पर खर्चा? तब भाजपाइयों ने की उसके भी नाम पर चर्चा? कहने वाले ने कहा अब कुछ तो फर्ज निभाना ही पड़ेगा श्रीमान? आखिर नमक खा लिया है होटल वाले का, अब करना होगा उसी के लिए काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि शुरू होने वाला है अब महानगर अध्यक्ष वाली कुर्सी को लेकर घमासान? आप ये मान लें कि ये कंपटीशन नहीं है इतना आसान? सुना है दिल्ली वाले बड़े भगवा गलियारे में चल रहा है बड़े मान से किसी का नाम? कोई बड़ा चेहरा कर रहा है पूरे सम्मान के साथ उनकी राहें आसान? वो नहीं चाहते हैं कि अभी लगे इस बात की भनक किसी को भी कानों कान? मगर पूरे मान से हो रही है जिस चेहरे की चर्चा, उसे बहुत ही डिजार्विंग दावेदार बताया जाता है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उद्घाटन वाले नारियल ने ली पहले आउट ऑफ स्टेशन गए पार्षद से परमिशन? विकास वाले नहीं चाहते इस बात को लेकर अपने सिर पर आए कोई टेंशन? सुना है पार्षद ने कहा उद्घाटन का कोकोनट फोड़ेगा मेरा फ्रेंड? ये आ गया है विकास में नया ट्रेंड? कहने वाले ने कहा कि ये जाने मिस्टर खेमका? हम नहीं चाहते कि बाद में कोई तनाव हो खामखां? सुना है उनकी इस बात ने लगाई हुई है कई दिलजलों के दिल में आग? अब तो नारियल के फूटने के बाद जो पानी निकलेगा उसी से बुझेगी ये आग?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उस वाले मोहल्ले में क्यों कर रहे हैं दूसरे मोहल्ले वाले कुछ ज्यादा ही बल्ले बल्ले? कहने वाले ने कहा कि चलो उनका तो समझ में आता है क्योंकि उनके मोहल्ले में है ये चुनाव? मगर वो क्यों दिखा रहे हैं इतना लगाव? कहने वाले ने कहा कि वो भी कार्यकर्ता हैं और लड़ा सकते हैं कहीं भी चुनाव? सुना है कैंडिडेट से ज्यादा भगवा चौहान को चुकाने के लिए ले रहे हैं वार्ड से बाहर के नेता तनाव?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि दो भाजपाई ही उलझ गए आपस में लेनदेन के विवाद में? मामला पहुंच गया है पुलिस के एसीपी साहब के पास में? कहने वाले ने कहा कि जिनका ये मामला है वो रखते हैं अपना एक वजूद? सुना है उनके पास है लेनदेन के सारे सबूत? मगर दूसरे पक्ष को भी दे रहा है कोई आधार? मामला दिल्ली वाले बड़े भगवा नेता के पास पहुंच सकता है इसी माह? खुलासा होते ही हो जाएंगे कई लोग हैरान, कहेंगे आखिर ये कैसे हुआ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इसलिए हमें मिस्टर कूल गुप्ता जी लगते हैं नाइस? उनका सीधा सरल व्यवहार है, वो नहीं खेलते हैं किसी से आईस-पाईस? किसी ने उनसे कहा कि आप महानगर अध्यक्ष के लिए करते हो डिजर्व? दशकों से निभा रहे हो संगठन में अपना फर्ज? सुनकर समर्थक के अल्फाज? नाईसमैन के मुख पर आ गई मुस्कुराहट? कहा मैं अध्यक्ष वाले पद से चाहकर नहीं कर पाऊंगा इंसाफ? व्यापार के लिए भागदौड़ भी करनी होती है? इसीलिए मैं दूसरे पद से संतुष्ट हो जाऊंगा साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बात करना चाहता हूं साफ और सीधी? क्या भाजपा जिलाध्यक्ष की दौड़ में इस बार फिर इग्नोर कर दिए जाएंगे मिस्टर डीडी? क्या यादव फैक्टर की वजह से फिर बिगाड़ने वाले बिगाड़ेंगे उनका काम? क्या ऐसे ही छिनते रहेगा उनका सक्रियता का नाम? कहने वाले कहा हाल ही में उनके पारिवारिक आयोजन में आए महत्वपूर्ण चेहरों से हुआ है इस बात का अहसास? यादव जी की सामाजिक भागीदारी काफी मजबूत है? मगर जब पद देने की बारी आती है तब लगाने वाले लगाते हैं अपनी तरह के हिसाब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सांसद से लेकर विधायकों के हो गए हैं साबरमती फिल्म वाले सीन अपडेट? मगर हम देख रहे हैं गाजियाबाद के दो जनप्रतिनिधि हैं फिलहाल इस मामले में लेट? कहने वाले ने कहा ये दोनों चेहरे नहीं दिख रहे है फिल्म दिखाने को बेकरार? ऐसा लग रहा है जैसे फिल्म उतरने का कर रहे हों इंतजार? या फिर इनको ऐसा लग रहा है कि अब फिल्म दिखा के क्या करना? सभी जनप्रतिनिधियों ने करा तो दिए हैं इस फिल्म के कार्यकर्ताओं को दीदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम तो चाहते हैं कि महानगर अध्यक्ष वाली दावेदारी में आना चाहिए पूरी मजबूती से वरिष्ठ नेता संजय कश्यप का भी नाम? ये शोर मचाने से ज्यादा करते हैं पार्टी के काम? शालीन बताया जाता है इनका व्यवहार? मुद्दों पर भी गहन हैं इनका विचार? ऐसे में इस नाम पर भी बननी चाहिए गंभीर वाली बात? हमें पता है ये अपनी ओर से दावेदारी नहीं करेंगे? पार्टी के ही वरिष्ठों को उठानी होगी इनके लिए आवाज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा की दलित राजनीति में क्यों रहते हैं गिनती के ही फेस? क्या मिल नहीं पाता इन दलित राजनीति के चेहरों को मजबूत बेस? क्यों कहा कहने वाले ने कि आने वाले समय में ये फैक्टर देने जा रहा है बड़ा चैलेंज? यहां मजबूत दलित चेहरे ही संभाल सकते हैं ये संभावित डैमेज? बदलती सियासत में नहीं इग्नोर हो सकता है ये फैक्टर?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड़ड़ी is with Arun Chaudhary Bhullan II and 98 others.
26m ·
धेवती इधिका तोमर व पोता नक्षराज सिंह।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय संस्कृति में नाती पोतों का सुख एक बड़ा सुख माना गया है। रालोद नेता अमरजीत सिंह बिड्डी वो भाग्यशाली हैं जिन्हें ये दोनों सुख मिले हैं। एक गोद में अपनी नातिन को लिया और दूसरी गोद में पोते को। इस पल की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।